



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



**सुनालिया ज्वेलर्स**

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 120 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 31 जनवरी 2025 डाक 01 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



**देश-विदेश**

महाकुंभ में आईएएस अधिकारियों ने संभाला मोर्चा वसंत पंचमी पर अमृत स्नान के प्लान में बड़ा बदलाव



**फीचर**

बोटॉक्स या फिलर्स, चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए क्या करवाएं ? डॉक्टर से जानें जवाब




# सरकार के एक दशक के कार्यकाल ने विकसित भारत की योजना को नई ऊर्जा दी : राष्ट्रपति मुर्मू

**नईदिल्ली, 31 जनवरी [एजेंसी]।**



संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, MSME के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र देश के सभी क्षेत्रों में व्यापार को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ONDC की व्यवस्था ने डिजिटल कॉमर्स यानि ऑनलाइन शॉपिंग की व्यवस्था को समावेशी बनाया है। आज देश में छोटे उद्योगो को भी आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, भारत की PI टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया के कई विकसित देश भी प्रभावित हैं। आज 50 प्रतिशत से ज्यादा रियल टाइम डिजिटल ट्रांसैक्शन भारत में हो रहा है। मेरी सरकार ने डिजिटल तकनीक को सामाजिक न्याय और समानता के एक टूल के तौर पर इस्तेमाल किया है। मेरी सरकार साइबर सुरक्षा में दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और डीपफेक सामाजिक, वित्तीय और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां हैं। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो चुकी है और अब देश कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेलवे लाइन से जुड़ जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि एशिया रैंकिंग में हमारे 163 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के जरिए भारत का पुराना गौरव वापस लाया गया है। वो दिन दूर नहीं, जब भारत में निर्मित गगनयान में एक भारतीय अंतरिक्ष में जाएगा। कुछ दिन पहले इसरो ने स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि हासिल की और हाल ही में इसरो ने सैटेलाइट लॉन्च में भी बड़ी उपलब्धि हासिल की। दिव्यांगों के लिए ग्वालियर में विशेष केंद्र खोला गया है। हाल ही में चेस में भी भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को इनोवेशन ग्लोबल पावरहाउस बनाना है। अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज हमारे युवा स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंड अप इंडिया योजना के जरिए युवाओं को कई मौके उपलब्ध कराए गए हैं। एक और युवाओं को इंटर्नशिप योजना से अनुभव दिया जा रहा है। देश में आज लाखों स्टार्टअप काम कर रहे हैं। एआई और डिजिटल तकनीक अपनाने में भी भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की 10 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं को स्वयसेवी संगठनों से जोड़ा गया है और लखपति दीदियों की संख्या को भी लगातार बढ़ाया जा रहा है। आज महिलाएं लड़ाकू विमान भी उड़ा रही हैं और कॉरपोरेट सेक्टर में भी नेतृत्व कर रही हैं। हमारी बेटियां ओलंपिका में भी मेडल लाकर देश को गौरवान्वित कर रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार ने हाल ही में आठवें वेतन आयोग के गठन का फैसला किया है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को 50 फीसदी पेंशन देने का फैसला किया गया है। मध्यम वर्ग का अपने घर का सपना पूरा करने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। रेरा कानून बनाया गया और लोगों को घरों पर सब्सिडी दी जा रही है। उड़ान योजना से लोगों का हवाई जहाज यात्रा का सपना पूरा किया है। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का लाभ भी मध्यम वर्ग को मिला है।

## अखिलेश यादव ने महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर सरकार को घेरा

*सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि बजट पर चर्चा बाद में होगी, इस सत्र में आज हमें उन लोगों पर बात करने की जरूरत है, जिन्होंने कुंभ में अपनी जान गंवाई। दूसरी बात उत्तर प्रदेश के सीएम नैतिक तौर पर जा चुके हैं, अब सवाल ये है कि राजनीतिक तौर पर वे कब जाते हैं। सरकार मृतकों की संख्या छिपा रही है ताकि लोगों को मुआवजा न देना पड़े। मृतकों के परिजनों को जल्द से जल्द सूचित किया जाना चाहिए और मृतकों की सूची जल्द से जल्द सार्वजनिक की जानी चाहिए। ये सरकार की गलती है और अभी भी चीजों को छिपाने की कोशिश की जा रही है।*

# फिरोजपुर में कैंटर और पिकअप में भीषण टक्कर, 9 लोगों की मौके पर मौत, 15 घायल

**फिरोजपुर, 31 जनवरी [एजेंसी]।**



फिरोजपुर-फाजिल्का हाईवे के गोलूका मौड़ के पास पिकअप गाड़ी और कैंटर के मध्य हुई जबरदस्त टक्कर में करीब 9 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 15 से ज्यादा लोग लोग घायल हो गए। यह हादसा करीब 7.45 पर हुआ है। जानकारी मुताबिक करीब 15 वेटर फिरोजपुर से पिकअप में सवार होकर जलालाबाद किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तो सड़क किनारे खड़े खराब कैंटर से पिकअप की टक्कर हो गई और मौके पर 9 की मौत हो गई। घटना का पता चलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स के अलावा आसपास के ग्रामीणो ने बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना में काफी लोग घायल हो गए, जिन्हें आसपास के अस्पतालो में भर्ती करवाया गया। वाहनों की टक्कर में आवाज इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग अपने घरों से बाहर आ गए।

डीएसपी सतनाम सिंह ने बताया कि घटना के 10 मिनट के भीतर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अभी तक मरने वालों और घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। उनके द्वारा घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से फिरोजपुर, फरीदकोट, जलालाबाद और गुरू हरसहाय भेजा गया है। हादसा धुंध की वजह से हुआ या फिर किसी अन्य कारण से, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना स्थल पर रेस्क्यू कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## शादी से लौट रही मां-बेटी को ट्राले ने रौंदा

**अंबाला।** अंबाला-जगाधरी हाईवे पर मिट्ठापुर समलेहड़ी मोड़ पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई। हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ। यहां एक तेज रफ्तार ट्राले ने एक्टिवा और बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक्टिवा सवार महिला और उसकी बेटी की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान काकरू निवासी कुसुम और उसकी बेटी 19 वर्षीय चारू शर्मा के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया।

# उद्धव की पार्टी के साथ गठबंधन चाहते हैं बीजेपी के नेता संजय राउत के दावे से हलचल, सीएम फडणवीस ने दिया जवाब



**मुंबई, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

हाल ही में संजय राउत ने दावा किया था कि सत्तारूढ़ भाजपा के कई नेता शिवसेना यूबीटी के साथ गठबंधन करना चाहते हैं । संजय राउत के इस दावे को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खारिज कर दिया है। उद्धव ठाकरे के सहयोगी और विधान परिषद सदस्य मिलिंद नार्वेकर और भाजपा के मंत्री चंद्रकांत पाटिल के बीच कल रात विधायक पराग अलवानी की बेटी के विवाह समारोह में शिवसेना यूबीटी प्रमुख की मौजूदगी में कुछ हंसी-मजाक हुई थी। समारोह में शामिल लोगों ने जानकारी दी कि नार्वेकर ने पाटिल से मजाक में कहा, यह अच्छा है कि पत्रकार यहां नहीं हैं... अन्यथा, वे कहेंगे कि गठबंधन की बातचीत चल रही है। पाटिल ने चुटकी लेते हुए कहा, यह एक स्वर्णिम क्षण होगा। इस कार्यक्रम में एकनाथ शिंदे, अजित पवार ने भी शिरकत की थी। कार्यक्रम के बाद संजय राउत ने कहा, चंद्रकांत पाटिल की भावनाएं यानी भाजप-शिवसेना की गठबंधन, भाजपा में कई अन्य लोगों की भी भावनाएं हैं। मैं उनके विचारों की सरहाना करता हूं। हमारी असली शिवसेना छोड़कर जो डुप्लिकेट शिवसेना बनी है, उसे बीजेपी ने समर्थन दिया, जो हमारा हक था उसे एकनाथ शिंदे को दे दिया गया। दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि सामान्य बैठकों को राजनीतिक रूप से नहीं देखना चाहिए।

संजय राउत ने दावों को खारिज करते हुए फडणवीस ने कहा, किसी को भी इतना भोला नहीं होना चाहिए की लोग प्रीतिभोज में मिलें और गठबंधन बन जाए या दल करीब आ जाए।

## झारखंड में पुलिस के एक्शन से नक्सलियों में हड़कंप 3 कमांडर को कर दिया ढेर, डीजीपी ने दी चेतावनी

*रांची। झारखंड में नए साल की शुरुआत के साथ ही नक्सलियों के विरुद्ध झारखंड पुलिस ने आक्रामक रूख अपना रखा है। लगातार आईईडी की बरामदगी हो रही है। एक सप्ताह के भीतर नक्सलियों के बड़े ग्रुप के साथ दो-दो मुठभेड़ की घटना घट गई। इनमें सुरक्षा बलों ने बिना किसी नुकसान के चार नक्सलियों को ढेर कर दिया। इनमें दो महिला एरिया कमांडर के अलावा एक जोनल कमांडर सहित दो पुरुष नक्सली शामिल हैं। एक 15 लाख का इनामी नक्सली पुलिस की गिरफ्त में है, जिसके माध्यम से उसके बड़े सहयोगियों-साथियों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। नक्सलियों के विरुद्ध इस अभियान में झारखंड पुलिस के जिला बल व झारखंड जगुआर को केंद्रीय बलों का भी पूरा साथ मिल रहा है। इनमें कोबरा 209, 203, 205 बटालियन के अलावा सीआरपीएफ की 60, 197, 157, 174, 193, 134, 26, 11 बटालियन की टीमें शामिल हैं।*




# ईडी की रेड के बाद भोपाल में जयश्री गायत्री फूड कंपनी के मालिक की पत्नी ने खाया जहर




**भोपाल, 31 जनवरी ।**

जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद गुरुवार शाम को कंपनी के संचालक किशन मोदी की पत्नी पायल मोदी ने अपने शाहपुरा बी-सेक्टर स्थित घर में जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास किया। एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। जहर खाने से पहले पायल ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। चौंकाने वाली बात यह है कि सुसाइड नोट में पायल ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी से जुड़े कुछ लोगों के नाम लिखकर उनको जिम्मेदार ठहराया है।सुसाइड नोट में पायल ने लिखा है कि चंद्रप्रकाश पांडे और उनके भाई लोजपा के वेदप्रकाश पांडे ने हमारी कंपनी में चोरी की थी। इसको लेकर प्रकरण भी दर्ज करवाया था, लेकिन दोनों भाई अपनी राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर बच गए और अब हमारी कंपनी पर ईओडब्ल्यू, एफएसएसएआई, सीजीएसटी और अब ईडी की कार्रवाई करवा रहे हैं। मेरे पति किशन मोदी को कई बार जान से मारने की धमकी भी मिली है। ऐसे में मेरे पास तीन छोटे बच्चों को छोड़कर मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। सुसाइड नोट में सुनील त्रिपाठी, भगवान सिंह मेवाड़ा और हितेश पंजाबी के नाम भी लिखे हैं।

### 66 करोड़ रुपये की संपत्ति के दस्तावेज मिले......

इस कार्रवाई में ईडी ने 6.26 करोड़ रुपये की फिक्स डिपाजिट राशि बंधक (फ्रीज) कर ली। दो कारें और 25 लाख रुपये नकद भी सीज किए हैं। सभी जगह से 66 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका परीक्षण किया जा रहा है। यह कार्रवाई ईडी ने जयश्री गायत्री फूड कंपनी के विरुद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में दर्ज एफआईआर और आरोप पत्र के आधार पर की। पूर्व में हुई जांच में पता चला कि कंपनी अपने निदेशकों के माध्यम से जाली लैब प्रमाण पत्रों का उपयोग करके घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलावटी दूध उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति कर रही थी।

# सुनीता विलियम्स ने रचा इतिहास, 9वीं बार किया स्पेसवॉक



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गुरुवार शाम भारतीय समय के मुताबिक 6 बजकर 30 मिनट से स्पेसवॉक शुरू किया। इस दौरान उनके साथ एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर भी थे। करीब 5.5 घंटे तक चलने वाली इस स्पेसवॉक के दौरान दोनों ने ISS के बाहरी हिस्से को साफ किया और सूक्ष्मजीव प्रयोग के लिए नमूने भी इकट्ठा किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पता चलेगा कि ISS पर सूक्ष्मजीव जीवित हैं या नहीं। इसके अलावा ISS से टूटा हुआ एंटीना भी अलग किया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 5.5 घंटे की स्पेसवॉक के लिए बाहर कदम रखा, जिससे एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है। सुनिता विलियम्स के पास अब कुल 62 घंटे, 6 मिनट का स्पेसवॉक समय का रिकॉर्ड भी है, जो नासा की सर्वकालिक सूची में चौथा है। सुनीता विलियम्स का यह 15 दिन के भीतर दूसरा स्पेसवॉक है। उन्होंने 16 जनवरी को एस्ट्रोनॉट निक हेग के साथ साढ़े 6 घंटे तक स्पेसवॉक किया था। अब तक सुनीता विलियम्स 9 स्पेसवॉक कर चुकी हैं। वहीं, बुच विल्मोर का यह पांचवां स्पेसवॉक है। इन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को 23 जनवरी को स्पेसवॉक करना था लेकिन उनकी तैयारी के लिए इस दिन को 7 दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया गया।

# चट्टानों से नक्सलियों का विस्फोटक सामान जब्त, फोर्स को मिली कामयाबी

**बीजापुर, 31 जनवरी [एजेंसी]।**



जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। तुमरेल के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा बड़े चट्टानों के बीच छिपाकर रखा गया विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की। बरामद सामग्री में 10 क्विंटल यूरिया, डेटोनेटर, आईईडी बनाने की सामग्री, नक्सली काली वर्दी और अन्य उपकरण शामिल हैं। इससे पहले भी कोमटपल्ली क्षेत्र में सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली थी। सुरक्षाबलों ने बरामद सामग्री को सुरक्षित नष्ट कर दिया है।

थाना पामेड़ नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना के बाद कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम 29 जनवरी 2025 को अभियान पर निकली थी। जिसके हाथ ये सामग्री लगी है। कैम्प की स्थापना के बाद से क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज कर दिया गया है। सुरक्षा बल लगातार गश्त और तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिससे नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है, और अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# भूमिगत ठिकाने का भंडाफोड़ हथियारों का जखीरा बरामद



**मणिपुर, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

चुराचांदपुर जिले से सटे दक्षिणी वांगू चैरेन काकचिंग इलाके में गुरुवार को एक अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक भूमिगत ठिकाने की मौजूदगी से संबंधित विशेष खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए काकचिंग जिला पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ मिलकर गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। चुराचांदपुर जिले से सटे काकचिंग जिले के वांगू पुलिस स्टेशन के अंतर्गत चैरेन खुनौ पहाड़ियों की तलहटी में चलाए गए इस अभियान में एक भूमिगत ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ और बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान बरामद हुए। बरामद की गई वस्तुओं में एक असॉल्ट राइफल, एक खाली मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) 5 किलोग्राम (लगभग), और 2.36 हाई एक्सप्लोसिव ग्रेनेड, एक स्मोक शेल (सीएस), एक टियर स्मोक ग्रेनेड, एक पीईके (पॉलीइथर कीटोन) स्टिक जिसमें फ्यूज और डेटोनेटर, एक वायर 3 मीटर (लगभग), दो .303 खाली केस, एक खाली कारतूस, एक हेलमेट, एक बुलेट प्रूफ वेस्ट और एक जोड़ी जंगल बूट शामिल हैं।

## कैलाश प्लाजा बिल्डिंग की तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी आग, दमकल की पांच गाड़ियां मौजूद

**मुंबई 31 जनवरी।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में स्थित कैलाश प्लाजा बिल्डिंग में शुक्रवार सुबह आग लग गई है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग की तीसरी और चौथी मंजिल पर भीषण आग लगी है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौजूद है।जानकारी के अनुसार, कैलाश प्लाजा बिल्डिंग में शुक्रवार सुबह 6.14 बजे आग लगी थी। घटना की जानकारी दमकल विभाग को 6.40 बजे मिली। फोन करने वाले शख्स ने बताया कि बिल्डिंग की तीसरी और चौथी मंजिल पर आग लगी है। आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां पहुंची और उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया। आग की इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# जिले में नए वित्तीय वर्ष से सक्षम महिला स्व-सहायता समूह रेडी टू ईट फूड करेंगी तैयार

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के सवा साल के बाद आखिरकार पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट फूड निर्माण को लेकर स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों का 4 साल का लंबा इंतजार चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

बजट सत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू होने होने से ठीक पहले महिला एवं बाल विकास विभाग ने शुरुआती दौर में घोषणानुरूप 6 जिलों में रेडी टू ईट फूड का निर्माण का दायित्व सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों को सौंप दिया है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत 1 अप्रैल 2025 से कोरबा, रायगढ़, बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार एवं सूरजपुर में स्थानीय समूह रेडी टू ईट के संचालन की बागडौर संभालेंगे। आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत विस्तृत दिशा-निर्देश आते ही समूह चयन मापदंड संबंधी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग के हफ्ते भर पूर्व जारी इस विभागीय पत्र के वायरल होते ही संबंधित जिले के सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य अभी से उत्साहित हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 माह से 6 वर्ष के नोनिहालों, किशोरियों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण के लिए कार्य किया जा रहा है। 1 फरवरी 2022 के पूर्व स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। गेहूं, सोया, चना, मूंगफली मिश्रित पौष्टिक पोषण आहार रेडी टू ईट 3 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए प्रत्येक मंगलवार को दिए जाने का प्रावधान है, ताकि उन पर कुपोषण की काली छाया न पड़े, कुपोषित हितग्राही इसके दायरे से बाहर निकल सकें।

24 दिसंबर 2021 को छत्तीसगढ़ शासन ने द्वारा कैबिनेट में लिए गए निर्णय अनुसार 1 फरवरी 2022 फरवरी से राज्य बीज निगम की स्थापित इकाईयों के माध्यम से स्वचलित मशीनों के माध्यम से रेडी टू ईट का उत्पादन करने का निर्णय लिया था। इसके पीछे शासन ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाईन का हवाला दिया है, जिसमें मानव स्पर्श रहित गुणवत्ता युक्त आवश्यक पोषक तत्वों से भरे रेडी टू ईट बच्चों की सेहत के लिए उपयुक्त बताया था। हालांकि सरकार के इस फैसले से पिछले करीब डेढ़ दशक से रेडी टू ईट का निर्माण कर रहीं स्व-सहायता समूह के हाथों से रोजगार छीन गया था। 20 हजार से अधिक महिलाएं सीधे तौर पर इससे प्रभावित हुईं थी। लाखों रुपए कर्ज लेकर विषम परिस्थितियों में भी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने योजना का सुचारू संचालन किया। शासन के फैसले के खिलाफ कवर्धा, कोरबा, सूरजपुर सहित कई जिलों में रैली निकाल कलेक्ट्रेट का घेराव कर विरोध जताया गया था।

बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने पहले चरण में 5 जिलों में रेडी टू ईट फ़ूड का दायित्व स्थानीय पंजीकृत सक्षम महिला स्व सहायता समूहों के हवाले करने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री की घोषणानुरूप आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले 20 जनवरी 2025 को सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन शम्मी आबिदी ने पूरक पोषण आहार योजनांतर्गत रेडी टू ईट निर्माण व वितरण का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर की स्थापित यूनिट की जगह 5 जिलों में रेडी टू ईट के निर्माण हेतु फर्म एंड सोसायटी के तहत पंजीकृत सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों को सौंप दिया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि पर किया स्मरण




**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77 वीं पुण्यतिथि को मौन दिवस के रूप में मनाया गया। कांग्रेस कार्यालय में सर्वप्रथम उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। तत् पश्चात् दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय रघुपति राघव राजाराम भजन कीर्तन का गायन किया गया।

पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से तथा अहिंसा के सिद्धांत पर भारत को आजाद कराया।

प्रदेश कांग्रेस सचिव ने कहा कि गांधी जी ने किसानों, मजदूरों और शहरी श्रमिकों के प्रति हो रहे अत्याचार व भेदभाव के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए लोगों को एकजुट किया। महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी ने गांधी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गांधी जी ने सभी परिस्थितियों में अहिंसा और सत्य का पालन किया। गांधी जी ने साबरमती आश्रम में अपना जीवन गुजारा और परम्परागत भारतीय पोषाक धोती व सूत से बनी शाल पहनी जिसे वे स्वयं चरखे पर सूत कातकर बनाते थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी जी ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर ग्रामीणों में विश्वास पैदा करते हुए उन्होने अपना कार्य गांवों की सफाई करने से आरंभ किया और स्कूल, अस्पताल, धर्मशाला बनाए गये। इसके अलावा सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने के लिये ग्रामीण नेतृत्व को प्रेरित किया। कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने कहा कि प्रेम, भाईचारा तथा सत्याग्रह जैसी विरासत हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली है जिसकी राह पर आगे बढ़कर हम भारत को जोड़ रहे हैं। हाथ से हाथ जोड़कर भारत में एकता और भाईचारा को विस्तार दे रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी दुष्यंत शर्मा, रूपा मिश्रा, पुष्पा पात्रे, द्रोपदि तिवारी सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## जिलाधीश ,पुलिस अधीक्षक ने कटघोरा व पोड़ी-उपरोड़ा में मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण

### मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने एवं मतदान प्रकिया की बारीकियों को समझने के दिये निर्देश



**कोरबा ।** कोरबा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा एवं पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग को गम्भीरता से लेने एवं मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह से समझने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदान कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए सभी इसका विशेष ध्यान रखें। कटघोरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पोड़ी उपरोड़ा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने मतदान कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए ट्रेनिंग का लाभ उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान कर्मियों से पूर्व में विधानसभा व लोकसभा निर्वाचन कार्य के दौरान मतदान केंद्रों में सुविधाओं में रही कमी के सम्बंध में जानकारी लेते हुए सम्बंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अवगत कराने की बात कही। जिससे उन कमियों के समय पर निराकरण किया जा सके। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने एवं मतदान प्रक्रिया की बारीकियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान सम्बंधित विकासखंड के एसडीएम, तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आम नागरिक भी जान सकते हैं ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया को

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2025 हेतु ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को प्रदान करने की व्यवस्था की है। इस कड़ी में कलेक्टर ने बताया कि कलेक्ट्रेट, सभी एसडीएम, तहसील, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जिले के प्रोफेशनल तथा डिग्री कालेजों में नाम वापसी की तिथि से मतदान के दो दिवस पूर्व तक ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। आम नागरिक, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि भी अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं को दूर करने उक्त स्थानों पर ईवीएम के प्रदर्शन के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भाजपा प्रत्याशियों ने जमा किया बी फार्म



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महापौर एवं सभी पार्षद प्रत्याशियों का 'बी' फार्म आज विधिवत रूप से जमा कर दिया गया। यह प्रक्रिया पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पूरी की गई, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को चुनाव संचालक छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखनलाल देवांगन, सह चुनाव संचालक भाजपा प्रदेश मंत्री विकास रंजन महतो ,भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, अखिलेश पांडे और आरिफ खान ने संपन्न कराया। भाजपा नेताओं ने इस मौके पर कहा कि पार्टी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है, और कोरबा में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता और प्रत्याशी मिलकर पूरी ताकत लगाएंगे। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान को और मजबूत करने का आह्वान किया, ताकि भाजपा प्रत्याशियों को अधिक से अधिक जनसमर्थन मिल सके। कोरबा नगर निगम चुनाव में भाजपा ने जनता के समक्ष अपना विजन और विकास योजनाओं को रखा है। पार्टी का लक्ष्य कोरबा को एक सशक्त, विकसित और आधुनिक नगर बनाना है, जिसके लिए महापौर और सभी पार्षद प्रत्याशी पूरी निष्ठा के साथ चुनावी मैदान में डटे हुए हैं।

## धान बेचने टोकन जारी करना किया गया बंद

**कोरबा ।** धान खरीदी खत्म होने का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। 31 जनवरी तक किसान अपना धान बेच सकेंगे। हालांकि टोकन जारी करने का कार्य बंद कर दिया गया है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू किया है। 31 जनवरी सरकार द्वारा धान खरीदी करने की अंतिम तिथि है। इस अवधि में कोरबा जिले के किसानों ने प्रदेश सरकार को लगभग 30 लाख क्िंटल धान बेचा है। अधिकांश किसानों ने अपना अनाज सोसाइटियों में बेच दिया है। गिनती के ही कुछ एक क्षेत्रों में वे किसान बचे हैं जो किसी कारण से समर्थन मूल्य पर सरकार को धान नहीं बेच सके। इस बीच सोसाइटियों में फर्जी तरीके से धान लाकर नहीं बेचा जा सके इसके लिए प्रशासन की ओर से सतर्कता बरती जा रही है और टोकन जारी करने का कार्य बंद कर दिया गया है।

## 3 क्षेत्र को छोड़ भाजपा समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशियों की सूची हुई जारी

**कोरबा ।** आगामी जिला पंचायत चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी समर्थित जिला पंचायत के प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार कोरबा भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशियों की सूची जारी करी। कोरबा जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 12 क्षेत्र आते हैं लेकिन इनमें से तीन क्षेत्रों क्रमांक 2 4 और 12 को छोड़कर शेष 9 के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए

## शहीद दिवस पर अमर सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा ।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में कोरबा जिला कार्यालय में कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कलेक्टर ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। हम सभी को राष्ट्रपिता के बताए मार्ग पर चलकर देश को सशक्त बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## भूविस्थापितों ने काम बंद कराने की दी धमकी

कोरबा। भूविस्थापितों ने ठेका कंपनी कलिंगा में काम बंद कराने की चेतावनी दी है। भूविस्थापितों ने कहा है कि 12 फरवरी से कंपनी में काम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। भूविस्थापितों ने बताया कि ठेका कंपनी कलिंगा गेवरा खदान में काम कर रही है। कंपनी ने कार्य के लिए खदान से प्रभावित लोगों को बेहद कम संख्या में काम दे रही है। बाहरी लोगों को बुलाकर काम पर रखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खदान से प्रभावित मजदूर या वाहन चालक की ओर से छोटी-छोटी गलती होने पर उन्हें काम से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। उन्हें कंपनी की ओर से परेशान किया जा रहा है, जबकि बाहर से आए मजदूरों को कंपनी कैंप के अंदर रख रही है और उनसे गलती होने पर माफीनामा लिखवाकर ही काम पर बुला लेती है।

# सार्वजनिक शौचालय में अव्यवस्था देख नाराज हुए आयुक्त,केयरटेकर को लगाई फटकार

**कोरबा।** दर्री स्थित सार्वजनिक शौचालय में अव्यवस्था का आलम देख आज आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए वहाँ के केयरटेकर एवं संचालन एजेंसी सुलभ इंटरनेशनल के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाई। उन्होने शौचालय की व्यवस्था को तत्काल सुधारने एवं निर्धारित प्रतिमानों के अनुरूप व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम केरबा द्वारा निगम प्रशासक व कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में संचालिक कराए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के पांचवें दिन आज वार्ड क्र. 03 राताखार व वार्ड क्र. 43 हसदेव क्रमांक 01 कलमीडुग्गू दर्री में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर व्यापक स्तर पर साफ-सफाई के कार्य किए गए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई कार्ये का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होने दर्री मुख्य मार्ग स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया एवं वहाँ फैली अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जाहिर की, आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के सभी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में निर्धारित प्रतिमानों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**बस्तीवासियों से चर्चा कर सफाई कार्यो की स्थिति जानी**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज अभियान के दौरान वार्ड क्र. 03 राताखार की टीनादफाई, टावर चौक, अटल आवास, बजरंग चौक, नदीपारा, कहरापारा, मस्जिद रोड सहित अन्य बस्तियों, सड़कों व मार्गो तथा वार्ड क्र. 43 हसदेव क्रमांक 01 के कमलीडुग्गू दर्री आदि का पैदल भ्रमण कर वहाँ के रहवासियों से साफ-सफाई कार्ये की जानकारी ली। उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि उनकी बस्ती में नियमित सफाई होती है या नहीं, स्वच्छता दीदियाँ कचरा लेने प्रतिदिन उनके घरों में पहुंचती है या नहीं, इस पर बस्तीवासियों ने बताया कि स्वच्छता दीदियाँ प्रतिदिन रिक्शा लेकर आती हैं तथा उनके घरों से कचरा संग्रहण कर ले जाती हैं, इस दौरान बस्तीवासियों ने निगम के साफ-सफाई कार्यो पर अपनी संतुष्टि भी जाहिर की।

**स्कूलों की स्वच्छता पर छात्र-छात्राओं से चर्चा**

भ्रमण के दौरान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विद्यालय जा रहे छात्र-छात्राओं से चर्चा कर उनके विद्यालयों की स्वच्छता, शौचालयों की उपलब्धता एवं उनकी साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, छात्र-छात्राओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय परिसर तथा कक्षों की साफ-सफाई की जानकारी ली। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों की स्वच्छता व साफ-सफाई पर भी नजर रखें एवं समय-समय पर वहाँ का निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन से स्कूलों की साफ-सफाई व स्वच्छ शौचालय आदि की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहें।

**टोल फ्री नम्बर 1100 पर करें शिकायत**

इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से पूछा कि यदि निगम से संबंधित कार्यो यथा- साफ-सफाई, पेयजल, सडक रोशनी या अन्य किसी समस्या से संबंधित शिकायत करनी हो तो वे किस नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे, इस पर कुछ लोगों ने सकारात्मक जवाब दिया तथा कुछ ने अनभिज्ञता जाहिर की। इस पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने उनसे कहा कि वे अपनी शिकायतें टोल फ्री नम्बर 1100 में फोन कर दर्ज कराएं, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

**दुकानों, पानठेलों पर डस्टबिन क्यों नहीं**

भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने देखा कि बस्तियों में स्थित अनेक दुकानों, ठेलों आदि में डस्टबिन नहीं रखे गए हैं, परिणाम स्वरूप ठेलों व दुकानों के आसपास गुटके, पाउच व अन्य अपशिष्ट बिखरे पड़े हैं, जो सड़कों में गदंगी की स्थिति पैदा करते हैं।

उन्होने दुकान, ठेला संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा दुकान पर आए ग्राहकों से डस्टबिन में ही अपशिष्ट डालने का आग्रह करें ताकि सड़कों पर गदंगी न फैले।

**सड़क में सी.एण्ड डी.वेस्ट पर अप्रसन्नता**

भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने पाया कि बस्तियों में अनेक स्थानों पर सड़क में सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्रियाँ डम्प की गई हैं, जिससे वहाँ से आवागमन करने वाले आमनागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, दुर्घटना की संभावना भी बन रही है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने सड़क में रखे सी.एण्ड डी.वेस्ट व निर्माण सामग्री पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें हटवाने व सड़कों को बाधारहित बनाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# एसईसीएल के सीएमडी डा. प्रेमसागर मिश्रा हुएं सेवानिवृत्त किया गया सम्मान

**कोरबा।** एसईसीएल (SECL) सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा आज सेवानिवृत होने जा रहे हैं। इस अवसर पर कल एसईसीएल मुख्यालय में डॉ मिश्रा के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।डॉ मिश्रा ने फरवरी 2022 में एसईसीएल के सीएमडी का पदभार ग्रहण किया था। सीएमडी डॉ मिश्रा ने नेतृत्व में एसईसीएल ने लगातार 2 वर्षों में 25 मिलियन टन के ऊपर 20 मिलियन टन की ग्रोथ हासिल करते हुए अपने इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन, डिस्पैच एवं ओबीआर दर्ज किया।डॉ मिश्रा के नेतृत्व में एसईसीएल की गेवरा एवं कुसमुंडा खदान ने विश्व की दूसरी एवं चौथी सबसे बड़ी कोयला खदान बन छत्तीसगढ़ को विश्व पटल पर ख्याति दिलाई।संवेदनशील प्रबंधन - संवादशील प्रबंधन की नीति के साथ सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के कार्यकाल में भू-अधिग्रहण को गति मिली एवं 2000 से अधिक भू-स्वामियों को रोजगार स्वीकृत किए गए।

कंपनी ने कई वर्षों बाद अंडरग्राउंड उत्पादन में बढ़ोत्तरी हासिल की और अपने इतिहास का सर्वाधिक यूजी उत्पादन दर्ज किया।

सीएसआर के तहत कंपनी ने फ्री नीट कोचिंग की पहल एसईसीएल के सुश्रुत एवं जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के इलाज के लिए एसईसीएल धड़कन योजना की शुरुआत हुई। इसके साथ ही पौधरोपण, उच्च क्षमता की सौर परियोजनाओं के शुरू होने से पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली। सीएमडी डॉ मिश्रा द्वारा कंपनी में मेंटर-मेंटी स्कीम एवं कई मिशनों की शुरुआत की गई जिससे कंपनी की कार्यसंस्कृति ने नए आयाम छूए।

पढ़ें सीएमडी डॉ प्रेम मिश्रा के बारे में

डा. प्रेम सागर मिश्राजी का जन्म दिनांक 15.01.1965 को उत्तरप्रदेश के देवरिया जिला अंतर्गत देवघाट के एक सुसंस्कृत एवं प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। आपके पिताजी का नाम स्व. रामनाथ मिश्रा है। चुनौतियों से जूझने एवं अपने प्रदत्त दायित्वों व कर्तव्यों के भलीभांति निर्वहन करने का व्यक्तित्व आपको विरासत में मिला है। आपने सुभाष इंटर कॉलेज भटनी देवरिया से हाईस्कूल, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज देवरिया से इंटरमिडिएट की प्रारंभिक शिक्षा हासिल की। आपने इण्डियन स्कूल आफ माईन्स, धनबाद से वर्ष 1987 में बी.टेक (माईनिग) की डिग्री प्राप्त की है।

आपकी दूरदर्शिता, व्यापक अनुभव, कार्यदक्षता, कार्य-निष्पादन की कुशल कार्य-शैली, प्रबंधकीय क्षमता, कुशाग्रता, चुनौतियों से जूझने का जज्बा, लक्ष्य प्राप्ति की लगन तथा नित्यशील परिश्रम की विलक्षण क्षमता के फलस्वरुप आपने सभी क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक निष्पादित किया। आपको कोयला उद्योग में लगभग 37 वर्षों का दीर्घ अनुभव है तथा आपकी छवि आधुनिकीकरण, अवसंरचनात्मक विकास तथा तकनीक के पैरोकार के रूप में रही है। आपने 24 अगस्त 1987 को जेट माईनिंग के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड में कार्यभार ग्रहण किए उपरांत आपकी पदस्थापना एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ार नंबर-3 माईन में हुई, पश्चात आप धनपुरी यूजी, न्यू अमलाई यूजी, राजेन्द्रा यूजी माईन, बंगवार यूजी, चचाई यूजी में कालरी मैनेजर, सेफ्टी आफिसर के पद पर कार्य किए। सोहागपुर क्षेत्र के राजेन्द्रा यूजी माईन में वर्ष 1995 में लांगवाल टेक्नॉलॉजी लगाए जाने के लिए आपको स्पेशल एसाइनमेंट पर राजेन्द्रा यूजी माईन पदस्थापित किया गया। मई 2001 में आपकी पदस्थापना बिश्रामपुर क्षेत्र में हुई जहाँ जयनगर 3 एवं 4 यूजी, बिश्रामपुर ओसी में कालरी मैनेजर, सुपरिटेण्डेन्ट आफ माईन्स के पद पर कार्य किए, उपरांत वर्ष 2003 में आप डिप्टी चीफ माईनिंग इंजीनियर पद पर पदोन्नत होकर सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड स्थानान्तरित हुए, जहाँ आपने बरका सयाल एरिया अंतर्गत ऊरीमारी ब्लाक, एनके एरिया केडीएच ओपनकास्ट, परेज ईस्ट ओपनकास्ट हजारीबाग एरिया में प्रोजेक्ट आफिसर के पद पर कार्य किया।

जून 2008 में आप बीसीसीएल स्थानांतरित होकर ब्लाक-2 और बरोरा एरिया के एरिया जनरल मैनेजर, प्रोजेक्ट आफिसर रहे। आप वर्ष 2015 में उड़ीसा मिनरल डेव्हलपमेंट कारपोरेशन (ओएमडीसी) के डायरेक्टर प्रोडक्शन एण्ड प्लांनिंग रहे तथा 20 अगस्त 2018 को आप ईसीएल के सीएमडी का पदभार ग्रहण किए, इसके उपरांत आप दिनांक 28.01.2022 को एसईसीएल के सीएमडी का पदभार ग्रहण किया।

कोयला उद्योग में आपका कार्यकाल कई अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा रहा।

एसईसीएल के सीएमडी के रूप में आपके प्रेरक नेतृत्व में एसईसीएल ने अपने इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन, डिस्पैच एवं ओबीआर दर्ज किया एवं सभी मानकों पर रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज की साथ ही कोयला मंत्रालय एवं भारत सरकार के विभिन्न अभियानों में एसईसीएल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई अवार्ड हासिल किए।

मिशन मोड की कार्यसंस्कृति के माध्यम से आपने कंपनी की कार्यसंस्कृति एवं कर्मियों के मनोबल में एक नयी ऊर्जा का संचार किया। अपनी मेंटर-मेंटी पहल से आपने युवा अधिकारियों से सीधा संवाद एवं विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया।

आपको विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से ढ्ढढ्ढ्ञ-ढ्ढस्रू धनबाद द्वारा प्रतिष्ठित एलुमनी पुरस्कार, लगातार दो बार बिजनेस लीडर ऑफ दी इयर अवार्ड, कोयला खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित एमजीएमआई अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन कोल माइनिंग, इंडियन माइनिंग एंड इंजीनियरिंग जर्नल (2025) द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, वर्ल्ड HRD कांग्रेस (2024) में सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मान शामिल हैं।

आपकी इस उपलब्धिपूर्ण जीवनयात्रा में आपकी जीवन संगिनी श्रीमती पूनम मिश्रा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्रीमती पूनम मिश्रा शिक्षित, सुसंस्कृत होने के साथ-साथ कुशल गृहिणी के रूप में पारिवारिक-सामाजिक जिम्मेदारियों के बखूबी निर्वहन के लिए एक आदर्श महिला के रूप में जानी जाती है।

श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा का दायित्व संभालते हुए आप समाज कल्याण के कार्यों में काफी सक्रिय रहीं तथा सांस्कृतिक कार्यकलापों में संबद्ध रहते हुए भी आपकी प्रेरणास्त्रोत रहीं और आपकी विकास यात्रा में उन्होंने चरण-दर-चरण महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई । आपके दो पुत्र हैं। आपके ज्येष्ठ पुत्र पीयूष सागर मिश्रा सिंगापुर की एक बड़ी मल्टी नेशनल कम्पनी में कार्य कर रहे हैं, वहीं कनिष्ठ पुत्र प्रतीक सागर मिश्रा बेंगलोर में एक स्टार्टअप के संस्थापक हैं

## कांग्रेस प्रत्याशी अनीता संतोष गुप्ता के पक्ष में बन रहा है भारी माहौल



**जांजगीर चांपा।** नगर पंचायत राहौद में चुनाव प्रचार कार्य तेजी से जारी है यहां अनेक प्रत्याशी अध्यक्ष सहित पार्षद के पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं जहां नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती अनीता संतोष गुप्ता को कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाया गया है।

इन्हें प्रत्याशी घोषित किए जाने से जहां नगर में कांग्रेसियों में भारी उत्साह है तो वही आम मतदाताओं में भी उनके नाम पर सहमति बनते दिखाई दे रहा है कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती अनीता संतोष गुप्ता राहौद नगर के विकास एवं शिक्षा स्वास्थ्य के लिए आम मतदाताओं से वोट मांग रही हैं। उनका पक्ष निरंतर मजबूत होने लगा है और लोग उनसे लगता जुड़ते जा रहे हैं। ज्ञात होगी कि श्रीमती अनीता संतोष गुप्ता के पति संतोष कुमार गुप्ता पहले भी नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष रह चुके हैं जिनके कार्यकाल में नगर पंचायत राहौद ने अनेक विकास के आयाम को तय किया है उनके कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर नगर की जनता विकास की आस को और अधिक मजबूत करने में लगी है जो कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देकर उन्हें जिताने के लिए एक अच्छे माहौल का निर्माण आम मतदाता करने लगी है। नगर पंचायत राहौद एक छोटा सा नगर है जहां अभी अनेक विकास कार्यों को अंजाम दिया जाना बाकी है या यूं कह सकते हैं कि इस नगर पंचायत क्षेत्र में अभी और अनेक विकास कार्य किए जाने की जरूरत है ऐसे में आम मतदाताओं का रुझान कांग्रेस पार्टी के प्रति अधिक होने लगी है जिसके कारण कांग्रेस प्रत्याशी का पक्ष लगातार मजबूत होता जा रहा है इस चुनाव में कौन जीतेगा कौन हारेगा यह तो समय तय करने वाला है परंतु श्रीमती अनीता संतोष गुप्ता का पक्ष लगातार मजबूत होने लगा है ऐसा नगर के माहौल को देखकर कहा जा सकता है।

### प्रेक्षक सूर्यकिरण तिवारी ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** प्रेक्षक सूर्यकिरण तिवारी ने आज शासकीय बालक प्राथमिक शाला नैला के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिये मूलभूत सुविधाओं, पेयजल, शौचालय, रैंप एवं अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि मतदान प्रक्रिया सुगम और सरल रूप से संपन्न हो सके।

# ईव्हीएम का हैण्ड्स ऑन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान दे : कलेक्टर



**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर छिकारा ने मतदान केंद्रों में तैयारी, मतदान दलों के गठन और प्रशिक्षण, मतदान सामग्री का वितरण और वापसी, मतगणना, स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं, निर्वाचन व्यय लेखा जांच सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सभी आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरने के विषय में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की व्यवस्था सहित प्रशिक्षण में अधिक से अधिक ईव्हीएम का हैण्ड्स ऑन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों परिचय पत्र, रिजर्व दल आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, व्यय निगरानी, पोस्टल बैलेट एवं अन्य विषयों पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### नामांकन पत्रों की जांच, 6 निरस्त

**बिलासपुर ।** नगरीय चुनाव के अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर के महापौर एवं पार्षद पदों के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के बाद विभिन्न कारणों से पार्षद पद के 6 नाम निर्देशन पत्र निरस्त किए गए। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक विनीत नंदनवार भी इस दौरान उपस्थित थे। निरस्त किये गये नाम निर्देशन पत्रों में वार्ड क्रमांक 13 से नर्मदा पटेल एवं श्याम पटेल, वार्ड 51 से राजकुमार साहू, वार्ड 52 से अनिता पाटिल, वार्ड 55 से शबनम बेगम एवं वार्ड 68 से मीनाक्षी पटेल शामिल हैं। वार्ड 13 के नर्मदा पटेल का नामांकन चुनाव आयोग द्वारा निर्हरित सूची में शामिल होने के कारण और श्याम पटेल का नामांकन आरक्षित वर्ग के सीट पर जाति संबंधी कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं करने के कारण निरस्त किया गया है। शेष 4 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र अपूर्ण रूप से भरे होने के कारण अस्वीकृत किया गया है। आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 31 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसके बाद प्रतीक चिन्ह आवंटित कर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जायेगी।

**आयोग के प्रेक्षक पहुंचे -**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जिले के प्रेक्षक श्री विनीत नंदनवार पहुंच चुके हैं। न्यू सर्किट हाऊस के कक्ष क्रमांक 3 में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई हैं। श्री नंदनवार वर्ष 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा फिलहाल संचालक भू-अभिलेख के पद पर कार्यरत हैं। चुनाव संबंधी सूचना अथवा शिकायत सवेरे 10 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक दर्ज कराई जा सकती है।




### राष्ट्रगान से देशभक्ति ही नहीं बल्कि ऊर्जा भी मिलती है : अशोक तिवारी

**जांजगीर चांपा।** राष्ट्रगान में देश की शान और गौरव हमारे राष्ट्रगीत में झलकता है क्योंकि जब भी हमारे मन में देशभक्ति की बात आती है तो यह राष्ट्रगीत पूरे देशवासियों के मन में एक उत्साह और गर्व का संचार भर देता है। उक्त बातें शिक्षक अशोक तिवारी ने वन्दे मातरम दिवस के अवसर पर बालक पूर्व मा शाला सिवनी के बच्चों को बता रहे थे। उपस्थित बच्चों को इस गीत का इतिहास बताते हुए उन्होंने बताया कि 1870-80 के दशक में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित यह गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने में जोश और उत्साह का संचार किए।ये गीत उन्होंने संस्कृत और बंगला भाषा में लिखे जिसे अपनी उपन्यास आनंद मठ में अंकित किए थे।आगे बताया गया कि वन्दे मातरम का तात्पर्य मातृभूमि का नमन है क्योंकि हम भारतीय अपनी धरती को माता मानते है। विद्यालय के शिक्षक नरेश देवांगन ने बताया कि यह गीत इतनी लोकप्रिय हुई कि 1950 में इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया। यह गीत हमारी एकता, अखंडता,और देश प्रेम का प्रतीक है।शिक्षक रतन लाल और नारायण चंद्रा ने भी राष्ट्रीय गीत के इतिहास के बारे में बच्चों को जानकारी दिए। प्रधान पाठक राजू प्रसाद देवांगन ने वन्दे मातरम के गीत के सभी पदों का गायन किया । कार्यक्रम में मौकेश्वरी साहू, ज्योतिदास महंत, यशवंत देवांगन, देवेंद्र सिंह, घनश्याम शुक्ला ने भी राष्ट्रीय गीत के महत्व के बारे में बताया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन नरेश देवांगन ने किया तथा अंत में महादेव तेली ने आभार व्यक्त किया।

# शहीद दिवस पर अमर सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

### कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**जांजगीर चांपा ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में आज कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की उपस्थिति में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया एवं स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# कांग्रेस प्रत्याशी हरीश पाण्डेय को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

### चांपा नगर पालिका वार्ड नं. 25 से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश पाण्डेय को मिल रहा वार्ड वासियो का अपार जनसमर्थन...

**चाम्पा ।** नगर पालिका चुनाव की सरगर्मी दिनों दिन तेज होते जा रहा है वार्ड क्रमांक 25 से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश पाण्डेय एक बार फिर से चुनावी मैदान में हैं। हरीश पाण्डेय पिछली बार अपने विपक्षी प्रत्याशी से कुछ ही मतों के अंतर से पिछड़ गए थे। इसके बाद भी वे वार्डवासियों से लगातार संपर्क में रहे हैं जिसका लाभ उन्हें इस बार मिल रहा है। हरीश पाण्डेय इन दिनों वार्ड में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं, और वार्ड की समस्याओं से रूबरू होकर उन्हें जल्द ही ठीक करने का



आश्वासन देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अध्यक्ष प्रत्याशी राजेश अग्रवाल के पांच साल के विभिन्न विकास कार्यों को बताकर आगे भी नगर के समुचित विकास करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ वोट मांग रहे हैं। वार्ड की जनता भी हरीश पाण्डेय हाथों हाथ ले रहे हैं और उनके जनसंपर्क अभियान में रुचि दिखा रहे है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे अन्य प्रत्याशियों से बेहतर हैं। क्योंकि दूसरे प्रत्याशी तो पद में रहते हुए भी अपने वार्ड में किसी तरह विकास नहीं करा पाए। और इन्ही सब बातों को देखते हुए इस बार लोग हरीश पाण्डेय को समर्थन देने की बात कह रहे हैं। चुनाव को लेकर वार्ड नं. 25 में मुकाबला अन्यन्त रोचक हो गया है।

# गुपचुप बेचने वाली महिला कार्यकर्ता को बीजेपी ने पार्षद प्रत्याशी बनाया

**जांजगीर ।** अकलतरा के वार्ड नंबर 11 से भाजपा ने एक गुपचुप बेचने वाली महिला संतोषी कैवर्त्य को अपना प्रत्याशी बनाया है। सीएम साय के सलाहकार पंकज कुमार झा ने कहा, चाय वाले महापौर के बाद अब गुपचुप बेचने वाली बहन संतोषी कैवर्त्य को भाजपा ने पार्षद प्रत्याशी बनाया है। अकलतरा के वार्ड नंबर 11 से प्रत्याशी बनी हैं संतोषीजी।



बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने 25 जनवरी को अधिकृत अध्यक्ष और पार्षदों की अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा की है। सूची जारी होते ही पार्टी के नेता चुनावी माहौल को गर्म करने के लिए सड़कों पर उतरकर प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। भाजपा के चुनावी दावेदार ने अपने समर्थकों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की कि वे शहर की बेहतर सेवा के लिए तैयार हैं और उनकी पार्टी ही विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकती है। वहीं सोमवार की सुबह कांग्रेस पार्टी ने भी अपने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की घोषणा की। कांग्रेस ने जांजगीर-नैला और चाम्पा में अध्यक्ष के लिए अपने मौजूदा पार्षद को मैदान में उतारा है। अधिकृत सूची जारी होने के कुछ घंटों बार चांपा के कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी राजेश अग्रवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप नामदेव ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया।

### टीम ने 82 क्विंटल धान का कराया रकबा समर्पण

**बिलासपुर ।** संयुक्त टीम ने आज फिर कार्रवाई की। टोकन के अनुरूप धान की घर में उपलब्धता नहीं होने पर टोकन निरस्त कर रकबा समर्पण कराया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि तहसील बिलासपुर स्थित धान उपार्जन केन्द्र महमंद का निरीक्षण नायब तहसीलदार द्वारा किया गया। सेवा सहकारी समिति महमंद के कृषक द्वारा आज विकय हेतु 82.20 क्विंटल का टोकन कटाया गया था। मौके पर भौतिक सत्यापन करने पर धान नहीं पाया गया। अतः संबंधित कृषक से रकबा समर्पण कराया गया। कलेक्टर के निर्देश पर अगले दो दिनों में दलालों और कोचियों पर पैनी नज़र रहेगी। 31 जनवरी को चालू सत्र में धान खरीदी का आखिरी दिन है।



### जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 29 नाम निर्देशन पत्र हुए जमा

**जांजगीर चांपा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत जांजगीर चांपा अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन हेतु आज 30 जनवरी को 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए एवं 29 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। रिटर्निंग अधिकारी श्री उज्वल पोरवाल ने बताया कि कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 27 में जमा किया जा रहा है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का समय पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक है।

# कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए चल रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का कलेक्टर अवनीश शरण ने जायजा लिया। प्रथम चरण के पहले दिन का प्रशिक्षण आज एक साथ लाल बहादुर शास्त्री स्कूल और शासकीय मल्टीपर्पज स्कूल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में लगभग 2 हजार मतदान अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

कलेक्टर ने दोनों स्कूल का दौरा कर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों को बारीकी से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। ईव्हीएम मशीनों के हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण पर ज्यादा जोर दिया। उन्होंने स्थानीय चुनाव और अन्य चुनावों में अंतर को समझाते हुए ध्यान रखने योग्य प्रमुख बिन्दुओं को रेखांकित किया। प्रशिक्षण में ईव्हीएम के साथ एमपी एवं गोदरेज टाईप मतपेटियों के बारे में भी बताया गया।

कलेक्टर ने कहा कि इस बार अच्छे मौसम में चुनाव हो रहे हैं। मतदान के दौरान न तो अधिक गरमी रहेगी और न ही ज्यादा ठण्ड। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव मिलाकर लगातार चार चक्र में चुनाव होंगे। प्रयास यह किया जा रहा है कि एक मतदान दल को दोबारा ड्यूटी ना लगे। यदि जरूरत पड़ भी गई तो उन्हें विश्राम का अंतराल देकर लगाया जायेगा। मतदान अधिकारियों के ठहरने और खाने पीने का इस बार बेहतर इंतजाम किया जा रहा है।

कलेक्टर ने विशेषकर पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि मतदान के उपरांत स्थल पर ही मतगणना किया जाना है। ग्रामीण क्षेत्र में एक मतदाता को 4 वोट डालने होंगे।

पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के। सभी का मतपत्र अलग-अलग रंगों का होगा। बड़ी सावधानी से एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता पूर्वक काम करें। किसी को न लगे कि



उसके साथ अन्याय किया जा रहा है। मतदान के तत्काल बाद मतगणना का काम शुरू कर दें। भोजन अथवा विश्राम के नाम पर समय जाया न करें। रात में अंधेरा होने पर कई प्रकार की दिक्कते हो सकती हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम शिवकुमार बनर्जी भी इस अवसर पर साथ थे।

# निःशुल्क प्राक्चयन परीक्षा 2 को

**बिलासपुर ।** राजीव युवा उत्थान योजना 2019 के भाग (बी) अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की प्राक्चयन परीक्षा 2 फरवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की गई है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइड www.tribal.cg.gov.in में अपलोड कर दिया गया है। पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइड में सूची एवं प्रवेश डाउनलोड कर प्रवेश पत्र में रोल नं. डाल सकते हैं। परीक्षा केन्द्र में सभी अभ्यर्थियों को भरा हुआ प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी 7869111330 एवं 9827402071 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

### बेहतर समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका : कलेक्टर

बिलासपुर। आज उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में वार्षिकोत्सव सत्र 2024-25 का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अवनीश शरण एवं विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रामायण आदित्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलन, धावक परिक्रमा एवं मशाल स्थापना के साथ हुई, जिसे बीएड प्रशिक्षार्थी रुक्मणी पैकरा एवं चंद्रशेखर सिंह ने संपन्न किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य मीता मुखर्जी सहित प्रशिक्षार्थियों एवं आचार्यों द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक पुष्प से अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने मास्टर आफ सेरेमनी करीम खान के नेतृत्व में भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके उपरांत स्वागत गीत और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा। आकर्षण का केंद्र बस्तरिहा नृत्य दादर के कहवा तथा बिहु नृत्य रहा, जिसमें प्रशिक्षार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्राचार्य प्रो. मीता मुखर्जी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि प्रशिक्षार्थी प्रतिनिधि ऋषभ निषाद एवं छात्रावास प्रतिनिधि युवनाश यादव ने समस्या एवं आवश्यकता से संबंधित मांगपत्र का वाचन किया एवं मांग पत्र सौपा। विशिष्ट अति श्री रामायण आदित्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों की महत्ता पर बल देते हुए प्रेरणादायी विचार साझा किया। तथा इस अवसर पर कलेक्टर श्री शरण ने प्रशिक्षार्थियों के मांगपत्र पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया एवं प्रशिक्षार्थियों द्वारा किये गये शानदार मार्च-पास्ट एवं बैंड वादन की खूब तारीफ की। कलेक्टर ने प्रशिक्षार्थियों को अपने उद्बोधन से प्रेरित करते हुए अनुशासनबद्ध तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बेहतर समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है क्योंकि वे आने वाली पीढ़ियों को तैयार करते हैं। उद्बोधन के पश्चात् कलेक्टर महोदय ने उद्घाटन की विधिवत घोषणा की एवं ध्वजोतोलन के पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर समारोह का शुभारंभ किया।

अतिथियों के समक्ष खेलकूद प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ (महिला एवं पुरुष) के फाइनल मुकाबले हुए, जिसमें महिला वर्ग में सबसे तेज दौड़ते हुए मधुरम की भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सत्यम की ज्ञानदेवी द्वितीय तथा सुंदरम की नैनसी टोप्पो तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम दिग्विजय सिंह, द्वितीय डमरूधर एवं तृतीय हितेश विश्वकर्मा रहें।विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विक्ट्री स्टेंड पर क्राऊन एवं बुके से सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र के कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए, जिसके बाद सहायक प्राध्यापक डॉ. बी. व्ही. रमणा राव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय मनोहर आयदे ने किया संपूर्ण आयोजन उत्साह, ऊर्जा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक रहा, जिसमें महाविद्यालय के आचार्य वृंद, कार्यालयीन स्टाफ एवं प्रशिक्षार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। आज के द्वितीय सोपान में गोला एवं तवा फेंक की प्रतियोगिता संपन्न हुई।

## अनमोल वचन......

**प्रेम के आँसू दुःख नहीं पहुँचाते**
**वे तो मोती बन जाते हैं।**

# हिंडनबर्ग रिसर्च भंग

अमेरिकी निवेश व अनुसंधान कंपनी हिडनबर्ग रिसर्च ने अचानक अपना कारोबार समेटने का ऐलान कर दिया। कंपनी के संस्थापक नेट एंडरसन ने अपने परिचितों, परिवार व मित्रों का हवाला देते हुए वेबसाइट पर पर्सनल नोट में लिखा- मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को भंग करने का फैसला किया है।

नेट ने कहा यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है। काफी सोच-समझकर लिया गया फैसला है। 2017 में हिंडनबर्ग रिसर्च का गठन करने वाले एंडरसन ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताते हुए, जीवन का मुख्य केंद्र नहीं है कहा। अमेरिकी अकाउंटेंट हैरी माकरेपोलस को अपना रोल मॉडल मानने वाले एंडरसन ने ऐसे वक्त यह घोषणा की है, जब अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने वाले हैं।

आलोचकों के अनुसार जॉर्ज सोरेस के साथ हिंडनबर्ग के कथित संबंधों व ट्रंप प्रशासन के दबाव का अंदेशा व्यक्त किया है। इस शॉर्ट सेलिंग कंपनी को 2024 में भारतीय बाजार नियामक संस्था सेबी द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। क्योंकि कंपनी ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप मढे थे। उससे पहले हिंडनबर्ग ने देश के प्रमुख औद्योगिक समूह अडाणी पर गंभीर आरोपों द्वारा भारत में सुर्खियां बटोरी थीं।

समूह के मालिक गौतम अडानी पर अपनी ही कंपनियों के शेयरों में हेराफेरी कर सौ अरब डॉलर कमाने का आरोप था। रिपोर्ट सार्वजनिक होते ही अडानी ग्रुप को डेढ़ सौ अरब डॉलर का नुकसान होते ही वह विश्व के बीस अतिसमृद्धों की सूची से बाहर हो गए। हिंडनबर्ग की रिपोटरे का हवाला देकर विपक्ष ने एकजुट होकर मोदी सरकार पर हमला बोल दिया था। हिंडनबर्ग ने अमेरिका के अलावा विदेशों की विभिन्न कंपनियों में गैर-कानूनी लेन-देन व वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया, जिससे उनके शेयर्स बुरी तरह ध्वस्त होने से उन्हें जबरदस्त नुकसान झेलना पड़ा। अरबपतियों व कुलीन वर्ग के साम्राज्य को हिलाने की जरूरत पर जोर देने वाली कंपनी के इस फैसले से खुश होने वाले भले ही चुनिंदा हैं मगर हतप्रभ रहने वाले लाखों हैं।

असल में यह फैसला उसे क्यों लेना पड़ा, जब तक यह स्पष्ट नहीं हो जाता, हर कोई अपने-अपने कयास लगाता रहेगा। दुनिया भर को अपने निशाने पर रखने वाले एंडरसन ने अभी अपनी भविष्य की योजनाओं के भी स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। हो न हो, वह बड़ी तैयारी से कुछ अनोखा ही कर दिखाएंगे।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन का आज आगमन होगा। आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे अच्छा महसूस करेंगे। आज खास कार्य पूरा होने की संभावना है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे तो काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आज घर में शुभ समाचार मिलने के योग हैं, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक उलझनों का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। अगर आप लेखन के क्षेत्र से जुड़े हैं तो आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला राशि :** आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप नई जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। पारिवारिक मनोरंजन संबंधी यात्रा का प्रोग्राम बनेगा जिससे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में आ रही किसी परेशानी से राहत मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। आज पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा।

**धनु राशि :** आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**मकर राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है। क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी और आवेश पूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां उत्पन्न कर देता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने की वजह अपनी बुद्धि बल और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे तो समय रहते उचित हल भी निकल आएंगे।

**मीन राशि :** आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। आज कुछ समय एकांत या आध्यात्मिक स्थल पर जरूर व्यतीत करें। भाइयों के साथ चल रही अनबन आज किसी की सहायता से हल हो सकती हैं। आज टूर एंड ट्रेवल्स संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा।

# राजनीति की गहरी परतों से रूबरू कराता पाताल लोक

//पंकज दुबे//

**'पाताल लोक' के दूसरे सीज़न ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीज़न अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीज़न उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है। इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं।**

2025 की शुरुआत, दर्शकों के लिए वेब सीरीज़ की दुनिया में एक सुनहरा दौर लेकर आई है। पहले विक्रमादित्य मोटवानी की 'ब्लैक वारंट' ने दर्शकों का मन मोहा, और अब बहुप्रतीक्षित सीरीज़ 'पाताल लोक' के दूसरे सीज़न ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीज़न अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीज़न उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है।

इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं। इस टकराव के बाद उन्हें नागालैंड की ओर रुख करना पड़ता है, जहां एक बड़ी राजनीतिक और सामाजिक समस्या उभरती हुई दिखाई देती है। कहानी नागालैंड और दिल्ली के बीच घूमती है, जिसके केंद्र में नॉर्थ ईस्ट के एक बड़े लीडर की देश की राजधानी में हुई राजनीतिक हत्या है, जिससे इस कहानी की शुरुआत होती है। सीरीज़ में तीन मुख्य पहलुओं को गहराई से उजागर किया गया है। पहला है मानवीय संबंधों की जटिलता। इस कहानी में ह्यूमन रिलेशन्स और उनकी बारीकियों पर बहुत गहराई से काम किया गया है। इस कहानी का लेखन और इसकी मेकिंग इसे बस एक फ़िल्मी शो बनाने से बचाती है और ज़मीन से जोड़कर ही नहीं, बल्कि गाड़कर रखती है। फिर चाहे नागालैंड का केस हो और वहां मिले लोग या फिर ज़िंदगी की उथल पुथल में कई बार चक्की में पिसते अनजान और मासूम लोग, सभी किरदारों पर काफी एम्पथी से नज़र डाली गई है।

दूसरा अहम् पक्ष है, 'दोस्ती का महत्व और ताकत'। इस कहानी में किरदारों की दोस्ती और उस दोस्ती की ताकत को काफी वास्तविक तरीके से रेखांकित किया गया है। कहानी के सभी सबप्लॉट्स इतने ज़मीनी और आम ज़िंदगी से जुड़े हुए लगते हैं, जैसे कि तमाम घटनाक्रम अपने आस पास के ही हों।

पाताल लोक की कहानी का तीसरा मज़बूत आयाम है इसके मुख्य किरदार इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी का अपने कर्तव्यों को निभाने का जुनून। वो हमेशा अपनी दाल रोटी चलाने वाली नौकरी और समाज व इंसानियत के प्रति अपनी ड्यूटी को अलग अलग परिभाषित करके जीता है। उसके लिए उसकी प्रतिबद्धतता सिर्फ़ ऑफिस तक सीमित नहीं रह कर उसके दिल, उसकी भावना से जुड़े होते हैं और वो बिना अपनी परवाह किये बिना उसे सुलझाने में लगा रहता है।

'पाताल लोक' के क्रिएटर हैं सुदीप शर्मा जो इस ज़बरदस्त कहानी के लेखक भी हैं। सुदीप शर्मा के बारे में ये बता देना ज़रूरी है कि उन्होंने इससे पहले नेटफ़्लिक्स के लिए 'कोहरा' नाम की एक सीरीज़ बनाई थी जो कि पंजाब की पृष्ठभूमि पर थी और काफ़ी सराही गई थी।

बहरहाल, 'पाताल लोक' के औसतन 45 मिनटों वाले आठ एपिसोड्स के निर्देशक हैं अविनाश अरुण द्वारे।

इस सीरीज़ में मुख्य कलाकार हैं जयदीप अहलावत, इश्वाक सिंह, गुलपनाग, तिलोत्तमा शोम, मरेनला इम्सॉन्ग, एलसी सेकहोसे, नागेश कुकुनूर और कई अन्य छोटे बड़े लेकिन सब के सब दिग्गज कलाकार।जयदीप अहलावत ने फिर से यह साबित किया है कि वे इस समय के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। उनके किरदार, इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी, की संवेदनशीलता और कड़वी सच्चाई को उन्होंने इतनी सजीवता से निभाया है कि दर्शक उनके हर कदम पर साथ चलने को मजबूर हो जाते हैं। उनकी डायलॉग डिलीवरी, हाव-भाव और भावनात्मक गहराई ने शो को और भी यादगार बना दिया है। उनके आलावा तिलोत्तमा शोम और सह कलाकारों की प्रभावशाली उपस्थिति है। तिलोत्तमा शोम, जो पुलिस अधीक्षक मेघना बरुआ के किरदार में हैं, ने अपने प्रदर्शन से शो को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया है। उनके दृढ़ और प्रभावशाली किरदार ने कहानी में मजबूती और विश्वसनीयता जोड़ी है। मरेनला इम्सॉन्ग और एलसी सेकहोसे जैसे कलाकारों ने नागालैंड की संस्कृति और उसकी राजनीतिक पृष्ठभूमि को बेहद संवेदनशीलता और सटीकता के साथ प्रस्तुत किया है।

सुदीप शर्मा ने इस बार कहानी को न केवल मनोरंजक बनाया है, बल्कि इसे सामाजिक और राजनीतिक गहराइयों तक भी ले गए हैं। हालांकि नागालैंड की पृष्ठभूमि का चित्रण थोड़ा और बेहतर हो सकता था, लेकिन मुख्य कहानी और किरदारों की मज़बूती इस कमी को ढक देती है। डायरेक्टर ने हर फ्रेम को बारीकी से गढ़ा है। नागालैंड की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय तत्त्व और सामाजिक समस्याओं को दिखाने के लिए सिनेमैटोग्राफी का बेहतरीन उपयोग किया गया है।

'पाताल लोक 2' सिर्फ़ एक क्राइम थ्रिलर नहीं है; यह मानवीय रिश्तों, सामाजिक विषमताओं और हमारी व्यवस्था के अंधेरे पहलुओं की पड़ताल करता है। यह शो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि सच्चाई के कितने पहलू हो सकते हैं और हर इंसान की अपनी कहानी होती है। भारत में आमतौर पर ऐसी फिल्में बनती हैं, जिनमें कलाकारों को एकदम ब्लैक एंड व्हाइट में प्रस्तुत किया जाता है। यानी जो अच्छा है वह हर तरह से अच्छा है और जो बुरा है वह हर तरह से बुरा है। लेकिन चाहे 'ब्लैक वारंट' हो या 'पाताल लोक 2' इनमें कई कैरेक्टर हैं, जिनको आप सिर्फ अच्छे या बुरे की बाइनरी में जज नहीं कर सकते हैं। 'पाताल लोक 2' का मुख्य विलेन बहुत गलत कर रहा होता है लेकिन उसको न्यायसंगत ठहराने की उसके पास बहुत जायज वजह होती है। आम हिंदी फिल्मों या सीरीज की तरह विलेन अपने फायदे या मौज मस्ती के लिए विलेन नहीं है। इसी तरह बेहद बारीकी और सहजता से समलैंगिकता को व्यक्ति की निजी पसंद के तौर पर स्थापित करने का प्रयास भी निर्देशक ने किया है।

इसका संगीत और बैकग्राउंड स्कोर कहानी के साथ पूरी तरह मेल खाता है। हर दृश्य में संगीत ने भावनाओं को और गहराई दी है, खासकर उन दृश्यों में जहां संवाद कम हैं और भावनाएं ज्यादा।

हालांकि शो ने अधिकतर पहलुओं में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन नागालैंड की राजनीतिक पृष्ठभूमि को गहराई से चित्रित करने में थोड़ी कमी महसूस होती है। इसके अलावा, कुछ एपिसोड में कहानी थोड़ी धीमी पड़ती है, जो दर्शकों की धैर्य की परीक्षा ले सकती है।

'पाताल लोक 2' एक बेहतरीन क्राइम थ्रिलर है, जो न केवल मनोरंजन करता है, बल्कि दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर करता है। यह शो दर्शकों को इंसानी भावनाओं की जटिलता, सामाजिक समस्याओं और राजनीति की गहरी परतों से रूबरू कराता है। कहानी ने एकाध जगह सुराग छोड़ दिए हैं कि ताकि कुछ किरदारों और सबप्लॉट्स का इस्तेमाल सीज़न 3 में स्वाभाविक लगे। जयदीप अहलावत और अन्य कलाकारों के शानदार प्रदर्शन, दमदार लेखन और सटीक निर्देशन की वजह से यह शो इस साल अब तक की सबसे बेहतरीन सीरीज़ में से एक बन गया है।

यह सिर्फ़ एक शो नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जो आपको लंबे समय तक याद रहेगा। 'पाताल लोक' के इस सीज़न की कहानी पहले सीज़न से अलग है, इसलिए अगर आपने वो नहीं भी देखी हो तो कोई बात नहीं। प्राइम वीडियो पर है, देख लीजिएगा।

# दिल्ली में इस बार जनता के लिए घोषणापत्र नहीं, लॉटरी पेश कर रहे हैं राजनीतिक दल

//नीरज कुमार दुबे //

**आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं।**



इस समय दिल्ली में सेल चल रही है। वैसे अक्सर सेल में 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की छूट दी जाती है लेकिन दिल्ली में चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट है। यानि सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का आलम क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है।

दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिये, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गयी। आम आदमी पार्टी ने सादगी और शुचिता की बात की थी लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख सुविधाओं को भोगते रहे। अब ''केजरीवाल की गारंटी'' शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ''ठोस'' कदम का वादा किया है।

बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्त सुविधाएं केवल अल्पकालिक राहत प्रदान करती हैं। जबकि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल सिखाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही मतदाताओं को इन लाभों की कीमत के बारे में पता होना चाहिए जो अंततः जनता की जेब से ही आती है। यहां तक कि निर्धनतम व्यक्ति भी अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स दे रहा है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी योजनाएं महिलाओं को स्वतंत्र नागरिक के रूप में पहचान देती हैं, लेकिन वे अक्सर महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में सीमित कर देती हैं। देश की सरकार जब भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है तो नागरिकों को सिर्फ लाभार्थी तक सीमित करना गलत होगा क्योंकि सरकार पर निर्भर रह कर कोई व्यक्ति आत्मनिर्भर नहीं बन सकता और बिना हर नागरिक के योगदान के देश विकसित नहीं हो सकता।

## तस्वीरों की दुनिया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



नई दिल्ली में व्यस्त समय के दौरान वाहनों की धीमी गति के कारण आईटीओ के पास भारी यातायात जाम।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली में वंचित समाज,दशा और दिशा बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित किया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



चंडीगढ़ के नए मेयर के रूप में निर्वाचित होने के बाद भाजपा उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विजय चिन्ह दिखाती हुई, उन्होंने चंडीगढ़ में 36 में से 19 वोट हासिल करके आप-कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार प्रेम लता को हराया।

# महाकुंभ में आईएएस अधिकारियों ने संभाला मोर्चा वसंत पंचमी पर अमृत स्नान के प्लान में बड़ा बदलाव



**महाकुंभनगर, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

महाकुंभ पर भगदड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अब नए सिरे से योजनाएं लागू की जाएंगी। उन क्षेत्रों को चिह्नित कर जहां भीड़ का दबाव बढ़ता है, अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती होगी। डायवर्जन पर विशेष जोर रहेगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भीड़ का दबाव बढ़ने न पाए। कई और मार्गों को वन वे किया जा रहा है। संगम पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे और वहां पांच और स्थानों की बैरिकेडिंग की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरुवार को यहां पहुंचे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस बीच शासन से भेजे गए पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और आईएएस भानु चंद्र गोस्वामी समेत अन्य अधिकारियों ने भी मेला क्षेत्र में काम संभाल लिया है।मुख्य सचिव मनोज कुमार व डीजीपी प्रशांत कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अफसरों के साथ बैठक कर पूरी जानकारी ली और वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस महानिदेशक ने अलग से भी पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता की। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा प्लान में बदलाव करते हुए नई योजना तैयार की, जिसमें महाकुंभ में प्रवेश मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव रोकने के प्रबंध किए गए हैं। सभी रास्तों पर पर्याप्त साइनेज लगवाए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि मनोबल नीचा न करें और इसे और अच्छे ढंग से करने की भावना से काम करें। आगामी अमृत स्नान पर्व वसंत पंचमी को जीरो एरर बनाया जाए। इसके लिए यदि विशेषज्ञों की मदद लेनी हो तो ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर सर्वाधिक भीड़ है, वहां ज्यादा से ज्यादा अधिकारी फोर्स के साथ मौजूद रहें। सीमा क्षेत्र में एसपी स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाए। आने वाले अमृत स्नान पर हमें संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को जाने से रोकना होगा। लोगों को रोकने के लिए कई स्तरों पर बैरिकेडिंग किए जाएं।

मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि वसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर इस बार स्पेशल स्ट्रैटेजिक डेप्लॉयमेंट प्लान लागू किया जाएगा। इसमें जोनल प्लान भी शामिल है, ताकि जो जहां पर आए वहीं स्नान करे। डायवर्जन प्लान को लागू किया जाए। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि कोई भी पास अमान्य नहीं किया गया है। मुख्य स्नान पर्वों पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन भी नहीं घोषित किया गया है। आवश्यक वस्तुओं के वाहन चलते रहेंगे।बैठक में यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, एडीजी भानु भास्कर, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, डीआईजी वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी मौजूद रहे।

## बिना पासपोर्ट के अमेरिका भाग गया शख्स सुप्रीम कोर्ट ने दिए गिरफ्तारी के आदेश

**नईदिल्ली, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

एक अनोखे मामले में अवमानना की कार्यवाही का सामना कर रहा व्यक्ति कोर्ट की हिरासत में उसका पासपोर्ट होने के बावजूद अमेरिका भाग गया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच करने और उसकी गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं।जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल केएम नटराज से कोर्ट की सहायता करने और यह बताने को कहा कि व्यक्ति को बिना पासपोर्ट के इस देश से बाहर जाने की अनुमति कैसे दी गई। पीठ ने कहा, भारत सरकार के गृह मंत्रालय की सहायता से वह यह भी पता लगाएं और अदालत को बताएं कि प्रतिवादी को देश से भागने में किसने मदद की और इसमें कौन-कौन अधिकारी और अन्य लोग शामिल थे। पीठ ने कहा, हम इस बात से हैरान हैं कि कथित अवमाननाकर्ता/प्रतिवादी बिना पासपोर्ट के अमेरिका या कोई अन्य देश कैसे जा सकता है, जबकि उसका पासपोर्ट इस कोर्ट की हिरासत में है। जो भी हो, अब हमारे पास कथित अवमाननाकर्ता के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पीठ ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है।

यह व्यक्ति अपने बच्चे की कस्टडी के लिए अपनी अलग रह रही पत्नी से कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। पत्नी ने अपने पति के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर रखा है जिस पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। आठ फरवरी, 2006 को उनकी शादी हुई थी और वे अमेरिका चले गए।उनका एक 10 वर्षीय बच्चा भी है। हालांकि, वैवाहिक कलह के कारण पति ने 12 सितंबर, 2017 को मिशिगन (अमेरिका) की एक अदालत से तलाक का आदेश प्राप्त कर लिया। दूसरी ओर, पत्नी ने भी भारत में अलग हुए पति के खिलाफ कई कार्यवाही शुरू की।बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह प्रतिवादी को गिरफ्तार करने और उसे न्याय के कठघरे में लाने के लिए कानून के तहत हर संभव कदम उठाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को दी अस्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति की अनुमति, लंबित मुकदमों को निपटाने में आएगी तेजी



**नईदिल्ली, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

देश में लंबित मुकदमों को निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी पहल की है। उच्च न्यायालयों में लंबित 18 लाख से अधिक आपराधिक मामलों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को तदर्थ (अस्थायी) न्यायाधीशों की नियुक्ति की गुरुवार को अनुमति दे दी।

सुप्रीम कोर्ट ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर अपने पूर्व के फैसले में लगाई गई शर्तों में ढील दी है। संविधान का अनुच्छेद 224ए के तहत हाई कोर्टों में सेवानिवृत्त जजों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति करने का प्रविधान है।प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की विशेष पीठ ने कहा, प्रत्येक हाईकोर्ट दो से पांच तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति कर सकते हैं। यह कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। तदर्थ न्यायाधीश हाई कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में बैठेंगे और लंबित आपराधिक अपीलों पर फैसला करेंगे। पीठ ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर शीर्ष अदालत के पूर्व के फैसले में लगाई गई कुछ शर्तों में ढील दी। अप्रैल, 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जजों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था।अदालत ने कहा था कि यदि हाई कोर्ट में स्वीकृत संख्या के 80 प्रतिशत जज होने पर तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं की जा सकती है।

शीर्ष अदालत ने एक एनजीओ की याचिका पर यह फैसला सुनाया। याचिका में विभिन्न हाई कोर्टों में लंबित मामलों की समस्या के समाधान की मांग की थी।तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि यह पहले से ही मौजूद है। इसे लागू किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने तदर्थ न्यायाधीशों को पीठों पर अलग से बैठने की शर्त को भी स्थगित कर दिया। कहा कि तदर्थ जज हाई कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ का हिस्सा होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले सुनवाई के दौरान कहा था कि हाई कोर्ट में 62 लाख से अधिक मामले लंबित हैं।

## कांग्रेस ने की दलितों और पिछड़ों की अनदेखी, अगर भरोसा बनाया होता तो आरएसएस सत्ता में न आती : राहुल गांधी



**नईदिल्ली, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि 1990 के दशक में कांग्रेस पार्टी ने दलितों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करते हुए उस तरह इनकी रक्षा नहीं की, जैसी इसे करनी चाहिए थी।राजधानी में दलित इंफ्लूएंसर्स द्वारा आयोजित वंचित समाज दशा और दिशा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि दलितों-पिछड़ों को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलने से कुछ नहीं होगा, बल्कि जब तक उन्हें संस्थानों और दौलत में भागीदारी नहीं मिलती तब तक उनकी परेशानियां दूर नहीं होंगी।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, एक बार कांग्रेस पार्टी का मूल आधार वापस आ गया, तब भाजपा और आरएसएस के पास भागने के सिवाय कोई चारा नहीं होगा। और यह बहुत जल्दी होने वाला है। इंदिरा गांधी के शासनकाल में कांग्रेस के पास दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों का पूर्ण समर्थन था, लेकिन 1990 के दशक में कुछ कमियां रह गईं और हकीकत पार्टी से छिपी नहीं है।

राहुल गांधी ने आगे कहा, पार्टी को इस सच्चाई को स्वीकारना होगा। पिछले 10-15 साल में कांग्रेस पार्टी ने वो नहीं किया जो इसे (दलितों, पिछड़ों के लिए) करना चाहिए था। अगर मैं यह नहीं बताता हूं, यानी मैं झूठ बोल रहा हूं। अगर कांग्रेस पार्टी ने दलितों-पिछड़ों की सहायता करने के साथ उनका भरोसा बनाए रखा होता तो आरएसएस सत्ता में कभी आ ही नहीं सकती थी। राहुल ने कहा, इसका मतलब है कि आपकी तरह के लोगों को जोड़कर कांग्रेस पार्टी के भीतर आंतरिक आंदोलन करना होगा। जिस दिन हम एक हो जाएंगे, वो भाग जाएंगे। हमें अपनी एकता पर काम करना होगा। हमें दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को सुनना होगा और उन्हें आगे लाना होगा। मगर मुझे लगता है कि ऐसा करने में कुछ साल लग जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि आप राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात करते हैं और कांशीराम ने इसके लिए संघर्ष किया था। लेकिन इन्होंने इसे अप्रासंगिक बना दिया है।

# एक तिहाई देश को काट दिया, अब कितना काटोगे... विपक्ष पर अमित शाह ने बोला हमला



**नईदिल्ली, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल को विकसित भारत की नींव रखने वाला बताया है। इंडियन रेनेसां ~द मोदी डिकेड पुस्तक का विमोचन करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को नीतिगत पंगुता से निकालकर दुनिया में सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही विकसित भारत का पूरा रोडमैप भी तैयार कर लिया है। पुस्तक में देश के कई गणमान्य व्यक्तियों के लेख संग्रहित हैं। अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के काम को देश को जोड़ने वाला बताते हुए तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा दक्षिण भारत को अलग करने के बयान पर आड़े हाथों लिया। आजादी के समय हुए देश के बंटवारे का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एक तिहाई देश को पहले ही काट चुके हो और कब तक काटते रहोगे।उन्होंने कहा कि एक ओर जहां विपक्षी नेता दक्षिण भारत को अलग करने की बात कर रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री मोदी काशी तमिल संगमम के माध्यम से देश की एकता को मजबूत करने का काम कर रहे हैं।अमित शाह ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के सभी क्षेत्रों में किए गए बदलावों और लोगों के जीवन में लाए गए सकारात्मक परिवर्तन का हवाला देते हुए कहा कि आने वाले समय में इसे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। कोई भी इतिहासकार मोदी सरकार के इस कालखंड को अनदेखा नहीं कर सकता है।उन्होंने इस कालखंड की तुलना वटवृक्ष के बीज के साथ की, जो आने वाली सदियों में विकसित भारत का विशाल वटवृक्ष बनाने का काम करेगा। कहा कि आने वाले समय में इतिहासकार मोदी के पहले और मोदी के बाद के भारत के रूप में इतिहास का लेखन करेंगे।

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश को जटिल समस्याओं से मुक्ति दिलाने का काम किया है, जिसके बारे में पहले सोचा भी नहीं जा सकता था। इस सिलसिले में उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ ही राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ करने का जिक्र किया।मोदी सरकार के दौरान भारत के पुनर्जागरण का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौरान गुलामी की निशानी से पूरी तरह से मुक्ति के लिए कई कदम उठाए गए।

इनमें अंग्रेजों के बनाए आपराधिक कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ नए आपराधिक कानून बनाना भी शामिल है। अमित शाह के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का पूरा रोडमैप तैयार कर रखा है। इसमें 2027 में पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने, 2036 में ओलंपिक खेलों के आयोजन से लेकर 2040 में मानवयुक्त यान चंद्रमा पर भेजने जैसे कई लक्ष्य रखे गए हैं।

## विमान और हेलीकॉप्टर की भिड़ंत में 67 की मौत, व्हाइट हाउस के पास जमी नदी में गिरे यात्री



**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस से पांच किलोमीटर दूर स्थित रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के करीब बुधवार रात अमेरिकन एयरलाइंस का जेट सीआरजे-700 सेना के ब्लैक हाक हेलीकॉप्टर से हवा में टकरा गया। बीते 24 वर्षों में हुए सबसे बड़े अमेरिकी विमान हादसे में चार क्रू सदस्यों समेत इनमें सवार सभी 67 लोगों की मौत हो गई।दुर्घटना के बाद हवाई अड्डे के बगल में ठंड से जमी पोटोमैक नदी में विमानों का मलबा और सवारियां गिर गए। आनन-फानन राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया, मगर किसी को भी बचाया नहीं जा सका।विचिता की मेयर लिली वू ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि इस दुर्घटना में कोई भी नहीं बचा। वाशिंगटन की मेयर म्यूरील बाउजर ने कहा यह बहुत दुखद घटना है और इस मुश्किल वक्त में हम पीड़ित परिवारों के साथ हैं।डिस्ट्रिक कोलंबिया के अग्निशमन विभाग प्रमुख जान डोन्नेली ने बताया कि लगता नहीं कोई भी बचा होगा। मौसम में बहुत ठंडा और हवा है, जिससे बचाव अभियान बहुत मुश्किल हो रहा है। बीते एक दशक से भी ज्यादा वक्त में अमेरिका में हुए सबसे भयानक हवाई हादसे में अब तक नदी से 28 शव बरामद किए जा चुके हैं। सभी शवों को बरामद करके उनके स्वजनों तक पहुंचाने के लिए पूरा जोर लगा दिया जाएगा। एक्यूवेदर के वरिष्ठ निदेशक डैन डेपोडविन ने बताया कि नदी में जमे हुए पानी का तापमान, इंसानी शरीर के तापमान को तेजी से गिरा देता है। केवल 15 से 30 मिनट में थकावट और बेहोशी हो सकती है। मृतकों में रूस के पूर्व आइस स्केटिंग विश्व चैंपियन येवजेनिया शिश्कोवा और वादिम नौमोव के अलावा कई आइस स्केटर्स, उनके स्वजन और कोच शामिल हैं, जो कंसास के विचिता में आयोजित एक प्रतियोगिता से वापस आ रहे थे।गोताखोर दल ने दो में से एक विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। हादसे के बाद हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया।

## चमक गई किस्मत! महाकुंभ गर्ल मोनालिसा को मिली बॉलीवुड में एंट्री, इस फिल्म के निर्देशक ने दिया लीड रोल



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ हमेशा से अद्भुत घटनाओं और कहानियों का केंद्र रहा है। माला बेचते हुए अपनी कजरारी आंखों और मासूमियत के कारण सोशल मीडिया पर सनसनी बनी मोनालिसा बॉलीवुड में धमाल मचाने को तैयार हैं। फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा ने अपनी आगामी फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मोनालिसा को साइन किया है। इसके लिए सनोज मोनालिसा के मध्य प्रदेश स्थित घर पर पहुंचे और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सनोज और मोनालिसा साथ खड़े बात कर रहे हैं।महाकुंभ में मोनालिसा की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। देखते ही देखते वह सोशल मीडिया पर सनसनी बन गई और यही लोकप्रियता उन्हें बॉलीवुड की ओर लेकर आई है। निर्देशक सनोज मिश्रा 'राम जन्मभूमि', 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' और 'काशी टू कश्मीर' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। वह मोनालिसा की प्रतिभा से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने न सिर्फ उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला किया, बल्कि खुद उनके घर जाकर इस प्रोजेक्ट पर चर्चा भी की। इस फिल्म की कहानी मणिपुर में हुई एक संवेदनशील घटना पर आधारित होगी और इसमें मोनालिसा प्रमुख भूमिका में होंगी। वायरल वीडियो में सनोज मिश्रा ने कहा कि मैं मोनालिसा को बड़े पर्दे पर शानदार तरीके से प्रस्तुत करूंगा। मैंने उनके परिवार से मुलाकात की और वे बहुत ही सरल व भोले लोग हैं। मोनालिसा में मेहनत करने का जुनून है, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसे सही दिशा दें।उन्होंने आगे कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मेहनत और जुनून से ही मिलती है। अगर मोनालिसा लगन से काम करेंगी, तो उन्हें बॉलीवुड में एक नई पहचान मिलेगी।

# समंदर में निकल जाएगी दुश्मन की हेकड़ी...नौसेना को जल्द मिल सकते हैं 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान, अंतिम चरण में वार्ता

**नईदिल्ली, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

नौसेना को 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान जल्द मिल सकते हैं। नौसैनिक ताकत को और बढ़ाने के लिए नौसैनिक वर्जन के 26 राफेल लड़ाकू विमान और तीन स्कार्पीन पनडुब्बियों की खरीद के लिए भारत अगले कुछ हफ्तों में फ्रांस के साथ करार कर सकता है।यह अभी स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगले महीने होने वाली पेरिस यात्रा के दौरान खरीद की घोषणा की जाएगी या नहीं। पीएम मोदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पेरिस जाएंगे।10 और 11 फरवरी को होने वाले शिखर सम्मेलन से इतर मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होने की उम्मीद है। इस मामले से परिचित लोगों ने गुरुवार को बताया कि इन दो करारों पर वार्ता अंतिम चरण में हैं। सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) को इस पर विचार करना है। रक्षा मंत्रालय ने जुलाई 2023 में फ्रांस से 22 राफेल (नौसैनिक वर्जन) लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। भारत स्वदेशी



विमान वाहक आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए इन लड़ाकू विमानों को खरीदना चाहता है। मंत्रालय ने फ्रांस से तीन स्कार्पीन पनडुब्बियों की खरीद को भी मंजूरी दे दी थी। भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 75 के तहत, फ्रांस के सहयोग से मझगांव डाक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा भारत में छह स्कार्पीन पनडुब्बियों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। राफेल- एम के साथ-साथ हथियार प्रणालियों और संबंधित सहायक उपकरणों की खरीद अंतर-सरकारी समझौते (आईजीए) पर आधारित होगी। भारतीय वायुसेना ने 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदे हैं। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और रणनीतिक संबंध पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ रहे हैं।

स्वदेशी हथियार प्रणालियों बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पिनाका मल्टी-बैरल राकेट लांचर सिस्टम समेत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की गोला-बारूद खरीद को मंजूरी दे दी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को हुई बैठक में एरिया डिनायल म्यूनिशन और पिनाका रॉकेट सहित 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के गोला-बारूद खरीदने की सेना की परियोजना को मंजूरी दे दी। इस परियोजना के तहत सैन्य साजोसामान का निर्माण नागपुर की रॉकेट निर्माता कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज और पूर्व आयुध निर्माणी बोर्ड कंपनी म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) में किया जाएगा।सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 13 जनवरी को अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि पिनाका हथियार प्रणाली के लिए अनुबंध को सरकार द्वारा जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

## उदयपुर के घाटी गांव में युवक की चाकू मारकर हत्या, इलाके में तनाव, तीन थानों का जाब्ता तैनात



**उदयपुर, 31 जनवरी [एजेंसी]।**

जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र स्थित घाटी गांव में दो दिन पहले दो गुटों के बीच विवाद के चलते एक युवक की हत्या हो गई, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। मंगलवार को दोनों गुटों के बीच आपसी रंजिश के कारण एक युवक, दिलखुश पुत्र ईश्वरलाल डामोर (20), को पेट में चाकू मारा गया था। घायल अवस्था में उसे डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार शाम उसकी मौत हो गई।मृतक के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव उठाने से मना कर रहे थे। परिजनों को पुलिस ने समझाइश दी और आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजन शव उठाने के लिए राजी हो गए।

घटना के बाद घाटी गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिसे देखते हुए पुलिस ने पहाड़ा थाना के अलावा खेरवाड़ा और पाटिया थाना पुलिस का जाब्ता गांव में तैनात किया है।थानाधिकारी उम्मेदी लाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, जबकि गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।राजस्थान के अलवर जिले के पंचनोत गांव में गुरुवार की सुबह पानी की टंकी में अवैध कनेक्शन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने बुजुर्ग के सीने में गोली मार दी। गोली बुजुर्ग के फेफड़ों में फंस गई। बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।विवाद में दोनों पक्षों की दो महिलाओं सहित 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें अलवर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# बोटॉक्स या फिलर्स, चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए क्या करवाएं ? डॉक्टर से जानें जवाब

उम्र बढ़ने के साथ चेहरे पर इसका असर दिखने लगता है. झुर्रियां तो कभी फाइन लाइन्स चेहरे की सुंदरता को कम करने लगती हैं. उम्र के साथ-साथ खराब लाइफस्टाइल और प्रदूषण की वजह से पिग्मेंटेशन भी होने लगता है.महिलाएं एजिंग को छुपाने के लिए महंगे से महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं. इसके साथ ही बोटॉक्स और फिलर जैसे स्किन ट्रीटमेंट भी करवाती हैं. लेकिन अक्सर लोगों में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए बोटॉक्स या फिलर्स कौन सा ज्यादा अच्छा है? आइए कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट से जानते हैं इसके बारे में.



### क्या है बोटॉक्स और फिलर?

बोटॉक्स और फिलर्स दोनों ही स्किन ट्रीटमेंट हैं. उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने के लिए महिलाएं ये करवाती हैं. ताकि उनका चेहरा जवां रहे.

### बोटॉक्स ट्रीटमेंट क्या है?

यह एंटी-एजिंग कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट है. इसमें बोटुलिनम टॉक्सिन या ओनोबोटुलिनमटॉक्सिन ए को इंजेक्ट किया जाता है. झुर्रियों को कम करने और चेहरे की मांसपेशियों को आराम देने के लिए इसका इस्तेमाल होता है. आंखों के आस-पास और आइब्रो के बीच की झुर्रियों को कम करने के लिए इसका यूज किया जाता है. इसके साथ ही इससे जबड़े की फाइन लाइन्स को भी कम किया जाता है.

### फिलर ट्रीटमेंट क्या है?

फिलर्स की मदद से झुर्रियों को भरकर उन्हें कम किया जाता है. इससे गालों और होठों का वॉल्यूम बढ़ाया जा सकता है. चेहरे की आकृति को निखारने के लिए भी किया जाता है. फिलर्स जेल जैसे पदार्थ होते हैं, जो हायलूरोनिक एसिड से बने होते हैं. इन्हें स्किन के नीचे इंजेक्ट किया जाता है. इसका असर चेहरे पर 6 से 24 महीने तक रहता है.

### स्किन की प्रॉब्लम के हिसाब से चुनें ट्रीटमेंट

कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके बताया कि बोटॉक्स और फिलर दोनों स्किन ट्रीटमेंट स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं.

अपनी स्किन की प्रॉब्लम के हिसाब से आप अपने लिए ट्रीटमेंट चुन सकती हैं.



## शरवरी वाघ ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपनी एक्टिंग और फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनका कातिलाना अंदाज अक्सर इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

शरवरी वाघ की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की बेहद ही स्टाइलिश ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को मेसी लुक देकर, लाइट मेकअप और न्यूड ब्राउन शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे से सामने प्यारी सी स्माइल देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। उनकी इस खूबसूरत स्माइल को देखकर फैंस अपना दिल हार गए हैं।

# पेट में लगातार दर्द रहे तो न करें नजरअंदाज, हो सकता है अपेंडिक्स कैंसर, इस उम्र के लोग रहें सावधान!

यूं तो पेट में दर्द एक सामान्य समस्या है, जो कब्ज या अपच की वजह से भी हो सकती है. लेकिन अगर ये दिक्कत आपको लगातार हो रही है तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल भी न करें.

पेट में लंबे समय तक असहनीय दर्द अपेंडिक्स कैंसर होने का संकेत हो सकता है. अपेंडिसाइटिस एक रोग है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में अपेंडिक्स कहा जाता है.

हमारे पेट के अंदर छोटी और बड़ी आंत के बीच में छोटा सा ट्यूब के आकार का अंग अपेंडिक्स होता है. जिसकी कोशिकाओं में अपेंडिक्स कैंसर की शुरुआत होती है. अभी तक इसके होने के पीछे सटीक कारणों का भी पता नहीं चल पाया है. आइए जानते हैं किस उम्र के लोगों को अपेंडिक्स कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है?



अपेंडिक्स कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा किसे?

अपेंडिक्स कैंसर काफी रेयर कैंसर होता है. यूं तो किसी भी उम्र में हो सकता है. हालांकि बच्चों व युवाओं में इस तरह के कैंसर के मामले कम देखने को मिलते हैं. कुछ रिसर्च के अनुसार 40 से 60 साल की महिलाओं में इसका खतरा सबसे ज्यादा होता है.

अपेंडिक्स कैंसर के लक्षण

* बिना कोशिश के वजन कम होना
* पेट के निचले दाहिने हिस्से में लगातार दर्द
* सूजन या पेट का आकार बढ़ना
* दस्त या कब्ज
* मतली और उल्टी

अपेंडिक्स कैंसर का क्या है इलाज?

अपेंडिक्स कैंसर पर डॉक्टर्स दवाइयों के साथ कीमोथेरेपी और लक्षित थेरेपी से इलाज करते हैं. कुछ मामलों में सर्जरी भी करनी पड़ती है.

## धूम धाम का ट्रेलर रिलीज, यामी गौतम और प्रतीक गांधी की शादी में घुसे बिन बुलाए बाराती



पिछले कई दिनों से फिल्म धूम धाम चर्चा में है। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रतीक गांधी ने मुख्य भूमिका निभाई है और इसके जरिए ये दोनों कलाकार पहली बार साथ आए हैं।

कुछ दिन पहले फिल्म के पोस्टर और टीजर सामने आया था, जिस पर लोगों ने जमकर प्यार लुटाया।

अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

लोगों ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी है, आइए जानते हैं।

यामी और प्रतीक केमिस्ट्री शानदार लग रही है। दोनों की शादी होती है और शादी की पहली रात ही तब बवाल हो जाता है, जब उनकी शादी में अनचाहे बाराती या कहें गुंडे घुस जाते हैं।

शादी का मंडप जंग का मैदान बन जाता है और कोयल बनीं यामी और वीर बने प्रतीक की जिंदगी में भूचाल आ जाता है।

इस नई-नवेली जोड़ी की पहली रात की कहानी मजेदार लग रही है, वहीं यामी की कॉमेडी भी देखने लायक है।

प्रतीक की एक्टिंग भी लाजवाब है। वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं। उन्हें कैसा भी किरदार दे दिया जाए, वो उसमें हर बार अव्वल नंबरों से पास हुए हैं। उन्होंने गंभीर से लेकर कॉमेडी किरदार बेहतरीन तरीके से निभाए हैं। कहीं न कहीं कॉमिक किरदारों के लिए प्रतीक को ज्यादा वाहवाही मिली है।



## एली अवराम ने इलू इलू 1998 में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी साझा की

अपनी आगामी फिल्म 'इलू इलू 1998' की तैयारी कर रहीं अभिनेत्री एली अवराम ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह फिल्म में गोवा की कैथोलिक अंग्रेजी शिक्षिका की भूमिका निभा रही हैं।

अपनी आकर्षक छवि और स्क्रीन पर अपनी आकर्षक उपस्थिति के लिए मशहूर अभिनेत्री इस अनोखी, दिल को छू लेने वाली ड्रामा फिल्म में 1998 की रंगीन अराजकता में एक पुरानी यादों को ताजा कर रही हैं।

इस फिल्म का निर्देशन अजिंक्य बापू फाल्के ने किया है और यह रोमांस, कॉमेडी और दिल को छू लेने वाली पुरानी यादों का एक बेहतरीन मिश्रण है। फिल्म का शीर्षक 90 के दशक के मशहूर कैचफ्रेज़ से लिया गया है जो आज भी मीठी यादें ताज़ा कर देता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए एली अवराम ने कहा, जब मैंने पहली बार इलू इलू 1998 की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत सुश्री पिंटो के किरदार की गहराई और आकर्षण से आकर्षित हो गई। मैं एक गोवा कैथोलिक अंग्रेजी शिक्षिका की भूमिका निभा रही हूँ।

अभिनेत्री ने आगे बताया, वह गर्मजोशी, ताकत और सूक्ष्म जटिलताओं से भरी एक महिला हैं, और मैंने उन्हें जीवन में उतारना एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखा। मराठी सिनेमा में अपनी शुरुआत करना एक कलाकार के रूप में मेरे लिए एक स्वाभाविक प्रगति की तरह लगा, और मैं इस जीवंत उद्योग का पता लगाने के लिए उत्सुक थी। जैसे ही मैंने शीर्षक सुना, मैंने कहा, हे भगवान, *इलू इलू! मैं इसमें हूँ! यह फिल्म 90 के दशक के लिए मेरा प्रेम पत्र है - फैशन, संगीत, ड्रामा - और मैं इस विचित्र सवारी से सभी के प्यार में पड़ने का इंतजार नहीं कर सकती। चलिए बस इतना ही कहूँ कि 1998 बुला रहा है, और मैं पूरी तरह से फिल्मी अंदाज में इसे अपना रही हूँ। एली विंटेज आउटफिट्स पहने, पेपी रेट्रो बीट्स पर थिरकती और उस दौर को अपनाती नज़र आएंगी जब मिक्सटेप्स और लैंडलाइन का बोलबाला था।

## बॉक्स ऑफिस पर कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी ने तोड़ा दम

अभिनेत्री कंगना रनौत ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा हैं। उम्मीद थी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया। अब इमरजेंसी की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 20 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.10 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी।

## शब्द सामर्थ्य -312

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 311 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

# कांग्रेस में केवल परिवारवाद और पैसे का जोर, कांग्रेस के महापौर प्रत्याशियों के खिलाफ भारी रोष :राजवाड़े

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त असंतोष, नेतृत्व में ऊहापोह और परिवारवाद के चलते हो रही बगावत विधायक का कटाक्ष**

**अपनी ही पार्टी के चंदन यादव को 7 लाख रुपए देने का खुलासा कर टिकटों की खरीदी-बिक्री का आरोप लगाने वाले विनय जायसवाल बताएँ कि उनका निष्कासन कितने रुपए में रद्द हुआ और महापौर की टिकट कितने रुपए में मिली है?**



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक बैकुंठपुर भईया लाल राजवाड़े ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त असंतोष, नेतृत्व में ऊहापोह और परिवारवाद के चलते हो रही बगावत पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस में केवल परिवारवाद और पैसा चल रहा है। कांग्रेस के वर्तमान महापौर प्रत्याशियों के खिलाफ भारी रोष देखने को मिल रहा है। श्री राजवाड़े ने कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद इस कदर हावी हो गया है कि राजधानी रायपुर में पहले महापौर व सभापति प्रमोद दुबे रहे और अब उनकी पत्नी दीप्ति दुबे को महापौर प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार पूर्व में किरणमयी नायक महापौर रहीं और अब उनके देवर प्रमोद नायक को बिलासपुर से टिकट दी गई है। निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर और उनकी पत्नी को अलग-अलग वार्ड से उम्मीदवार बनाया गया है। पहले चिरमिरी से पूर्व विधायक विनय जायसवाल की पत्नी कंचन जायसवाल महापौर थीं और अब विनय जायसवाल महापौर पद के उम्मीदवार हैं। प्रदेश के पूर्व मंत्री व वर्तमान बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने चिरमिरी में महापौर पद के लिए घोषित कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर मचे घमासान, असंतोष और बगावत की खबरों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि यह केवल चिरमिरी ही नहीं, अपितु पूरे प्रदेश में यही स्थिति है जिसके मायने आईने की तरह साफ नजर आ रहे हैं कि कांग्रेस की हालत राजनीतिक तौर पर दयनीय हो चली है और कांग्रेस अपने ही बोझ से दबी जा रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी से महापौर प्रत्याशी बनाए गए विनय जायसवाल वही पूर्व विधायक हैं, जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के सामने आने के बाद अपनी ही पार्टी के केंद्रीय नेता चंदन यादव को 7 लाख रुपए देने का खुलासा किया था और अपनी पार्टी पर टिकटों की खरीदी बिक्री का आरोप लगाया था। इस खुलासे के बाद जायसवाल निष्कासित कर दिए गए थे। श्री राजवाड़े ने कहा कि अब विनय जायसवाल को बताना चाहिए कि उनका निष्कासन कितने रुपए में रद्द हुआ और उन्हें टिकट कितने रुपए में मिली है? श्री राजवाड़े ने कहा कि विनय जायसवाल पिछली कांग्रेस सरकार में विधायक रहते पूरी तरह से नाकाम साबित हुए, इसीलिए उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दी गई थी और अब उन्हें बड़ी रकम देकर महापौर की टिकट दे दी गई है। जनता यह बात अच्छी तरीके से जानती है कि पैसे के दम पर राजनीति करने वाले ऐसे लोग जनता के सेवक कभी नहीं हो सकते। विनय जायसवाल को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में बहुत नाराजगी सामने आ रही है और कांग्रेस के कई लोगों ने चुनाव बहिष्कार तक का ऐलान कर दिया है। कई लोगों ने पार्टी भी छोड़ दी है। प्रदेश में हर जगह कांग्रेस का यही हाल है। इसीलिए कांग्रेस सन्निपात के दौर से गुजर रही है और हालात साफ कर रहे हैं कि कांग्रेस हर जगह बड़े अंतर से चुनाव हारने जा रही है।



13 राज्यों की 18 टीमों के बीच होगा मुकाबला

# गोल्ड कप प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे महाप्रबंधक झा

**चरचा कालरी।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक लोकप्रिय फुटबॉल प्रतियोगिता अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 3 फरवरी 2025 को होगा,महाजन स्टेडियम में खेले जाने वाली इस गौरवशाली प्रतियोगिता का यह 49 वा वर्ष है चर्चा कालरी के विशाल महाजन स्टेडियम परिसर में दोपहर 3 बजे से उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बी.एन .झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र एवं जितेंद्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक चर्चा माइन आर ओ की अध्यक्षता में संपन्न होगा प्रतियोगिता का फाइनल मैच 14 फरवरी 2025 को होगा। प्रतियोगिता में गोल्ड का प्रतियोगिता में देश के 13 राज्यों की 18 फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होगा इस खेल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गोल्ड कप के साथ 1,50,000 रुपए की नगद राशि व द्वितीय पुरस्कार 75000 की नगद राशि है प्रतियोगिता की सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष एम. एच. खान, संदीप कुमार, सचिव डॉक्टर ए. के. विराजी सह सचिव धर्मेंद्र सिंह, अशोक निर्मलकर कोषाध्यक्ष मोहम्मद रियाज विशेष रूप से सक्रिय हैं। भाग लेने वाली टीम,कालीघाट स्पोर्ट्स लवर कोलकाता वेस्ट बंगाल,सुंदरगढ़ फुटबॉल क्लब उड़ीसा, अवध वॉरियर्स फुटबॉल क्लब उत्तराखंड, एम .इ.जी. बेंगलुरु कर्नाटक ,लुका फुटबॉल क्लब केरला शेरशाह खड़कपुर शेरशाह खड़कपुर वेस्ट बेंगल एमकेएफसी बक्सर बिहार बैंक ऑफ़ बड़ौदा मुंबई कश्मीर यूनाइटेड जम्मू एंड कश्मीर ग्रीन वैली असम मल्लपुरम फुटबॉल क्लब कालीकट हैदराबाद 11 तेलंगाना आई.डी.सी. मणिपुर ,राजस्थान 11 राजस्थान ,सिलिगुड़ी वेस्टद्य बंगाल ,सीमा सुरक्षा बल सिलिगुड़ी वेस्ट बंगाल, डायमंड रॉक बालाघाट, सेल बोकारो झारखंड, न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा छत्तीसगढ़।



# कोल इंडिया अंतर कंपनी हॉकी टूर्नामेंट में एसईसीएल का शानदार प्रदर्शन

**चरचा कालरी।** कोल इंडिया अंतर कंपनी क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में एसईसीएल की हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन चल रहा है कोल इंडिया के एमसीएल कंपनी सिंगरौली के दुधीचुवा स्टेडियम में आयोजित अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता में एसईसीएल की टीम ने टीम कैप्टन विकास शंकर ओझा के नेतृत्व में अपने पहले मैच में डब्लू.सी.एल को 5-0 से हराया इसके पश्चात शानदार प्रदर्शन करते हुए एमसीएल की टीम को भी 4-0 से पराजित किया हॉकी टीम के कप्तान विकास शंकर ओझा बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में उपकार्मिक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं व विगत 10 वर्षों से लगातार एसईसीएल की हॉकी टीम के कप्तान है आज प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मे एसईसीएल व सीसीएल की टीम के बीच भिड़ंत होगी।

## जिला पंचायत सदस्यों के लिए अब तक 57 अभ्यर्थियों ने लिया आवेदन

**8 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किए जमा**

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दस जिला पंचायत सदस्यों के लिए 57 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिए है। 27 जनवरी को 8, 28 जनवरी को 15, 29 जनवरी को 22 और आज 30 जनवरी को 12 अभ्यर्थियों ने जिला पंचायत सदस्य हेतु फार्म प्राप्त किया है। जिसमें 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किए गए है। बता दें जिला पंचायत क्षेत्र कोरिया के सभी दस सीटों के लिए नामांकन आवेदन पत्र की प्रक्रिया 27 जनवरी से आरंभ हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक नियत समय तक कोई भी नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया। जारी सूचना के अनुसार नामांकन आवेदन प्राप्त करने व जमा करने की अंतिम तारीख आगामी 3 फरवरी निर्धारित की गई है। 3 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए निर्धारित निर्वाचन में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन जमा कर सकते है। नियत समय तक जमा किए समस्त नामांकन आवेदनों की संवीक्षा की कार्यवाही आगामी 4 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगी। विदित हो कि कोरिया में जिला पंचायत की सभी दस सीटों के लिए पात्र अभ्यर्थी आगामी 6 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक अपना नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकते हैं।

## 2000 संदहियों से पुलिस कर रही पूछताछ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। दुर्ग, कवर्धा के बाद अब राजधानी रायपुर में घुसपैठियों की पहचान की जा रही है। वही लगभग 2 हजार बाहरी संदेहियों को बसों में ले कर पुलिस लाइन लाया गया है। जहां पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

**समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सतर्कता**

## छिंदडांड़ में 421.32 क्विंटल धान हुआ था गायब, इसलिए झटपट कराया उठाव

**कोरिया बैकुंठपुर।** पिछले साल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के समय उपार्जन केंद्र छिंदडांड़ से 421.32 क्विंटल धान गायब होने के बाद प्रशासन एलर्ट है। मामले में नए विपणन वर्ष में इस केंद्र से धान गायब होने से पहले झटपट उठाव करा रहे हैं। वहीं सहकारी बैंक के माध्यम से गायब धान की कीमत भी वसूली जाएगी। धान उपार्जन केंद्र छिंदडांड़ में वर्ष 2023-24 में 421.32 क्विंटल धान गायब हुआ था। राज्य सरकार ने 2183 रुपए के प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी कराई थी। उस हिसाब से गायब धान की कीमत करीब 9.20 लाख है। मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से रिकवरी होगी। नए विपणन वर्ष 2024-25 में छिंदडांड़ में अब तक 56354.40 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। जिसकी कीमत 221792680 रुपए है। ऑनलाइन लिंकिंग के माध्यम से पंजीकृत किसानों से 29127672.68 रुपए ऋण वसूली हो चुकी है। साथ ही किसानों के बैंक खाते में 192665007.32 रुपए भुगतान कराया गया है। खाद्य, विपणन विभाग ने पिछले साल धान गायब होने के मामले में अलर्ट है और जहां धान गायब हुआ था। वहां धान का उठाव कराने में फोकस किया गया है। फिलहाल छिंदडांड उपार्जन केंद्र में बहुत कम मात्रा में धान का स्टॉक शेष है। जिससे गायब होने या सूखने से राज्य सरकार को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं होगा। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छिंदडांड़ के मुताबिक खरीफ सीजन में ऋण लेने वाले किसानों से 29127672.68 रुपए ऋण वसूली हो चुकी है। वहीं पंजीकृत 162 किसान अपना धान बिक्री करने नहीं पहुंचे हैं। जिसमें ऋण लेने वाले किसान भी शामिल हैं। धान नहीं बेचने के कारण उपार्जन केंद्र में 40 लाख ऋण बकाया है। समिति को ऋणी किसानों से हर हाल में 31 मार्च तक वसूली करने में मुश्किल हो सकती है। ऋण लेकर धान बेचने नहीं आने वाले किसानों से ऋण वसूली की कार्रवाई की जाएगी। उनको 31 मार्च तक नकद पटाना होता है। रेकॉर्ड देखने के बाद ही पता चलेगा कि कितने किसानों का लोन बकाया है। समिति से नोटिस जारी किया जाएगा।



## भाजपा नेता विपिन बिहारी जायसवाल पार्टी से निष्कासित

**कोरिया।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया (छ.ग.) ने अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में विपिन बिहारी जायसवाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा जारी बयान के अनुसार, विपिन बिहारी जायसवाल ने पार्टी एवं पार्टी पदाधिकारियों के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी एवं अनुशासनहीन आचरण किया,जिसके कारण पार्टी की गरिमा प्रभावित हुई। इसे गंभीरता से लेते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर निष्कासन का निर्णय लिया गया। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी और संगठन की मर्यादा बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए जाते रहेंगे।

## जनपद पंचायत के भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की घोषणा

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव हेतु जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के भाजपा समर्थित उम्मीद्वारों की घोषणा किया गया। जनपद क्षेत्र क्र.2 सरडी से धर्मवती राजवाड़े, क्षेत्र क्र. 8 ओड़गी से गायत्री साहू, क्षेत्र क्र. 9 चेरवापारा से रमेश राजवाड़े, क्षेत्र क्र. 10 भाड़ी से डलेश्वर सिंह, क्षेत्र क्र.11 छिंदिया अंकि जायसवाल, क्षेत्र क्र. 12 कुड़ेली से शिवचरण साहू, क्षेत्र क्र. 17 खोड़ रंजीत कुमार मंडल एवं क्षेत्र क्र.19 डुमरिया से सत्यम साहू के नामों की अधिकृत घोषणा किया गया।

## 88 कर्मियों द्वारा 8 फरवरी तक ईव्हीएम प्रत्येक वार्डों में किया जाएगा परीक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर पंचायत पटना में आगामी 11 फरवरी को मतदान होना है। इसके पूर्व नगर पंचायत पटना में ईव्हीएम प्रदर्शन सह-परीक्षण के लिए 88 कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर उमेश कुमार पटेल ने जानकारी दी है कि पटना नगर पंचायत के 15 वार्डों में 8 फरवरी तक ईव्हीएम प्रदर्शन सह-परीक्षण के लिए 88 कर्मियों को दायित्व सौंपा गया है। इन कर्मियों द्वारा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित शिविर स्थल में कार्य संपादन करेंगे। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश दिया है कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश एवं प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर ही कार्य संपादन करना सुनिश्चित करें।

## 12 बटालियन के पास मिट्टी धंसने से बना बड़ा गढ्ढा, दुर्घटना की आशंका

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज लोक निर्माण विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से करोड़ रुपए लागत से रिंग रोड का कार्य कराया जा रहा है वही 12 बटालियन के पहले गेट के सामने पुलिया के पास मिट्टी धसक जाने से बड़ा गड्ढा निर्मित हो गया है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लोक निर्माण विभाग की एक दिन की भी देरी दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकती है लोक निर्माण विभाग को तत्काल संज्ञान लेकर इसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

# डीएवी स्कूल पाण्डवपारा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ शुभारंभ

**कोरिया पाण्डवपारा।** कोयलांचल में डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उदघाटन सत्र का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य रवि भास्करन के कुशल नेतृत्व में हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक बीएन झा एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र थे। अध्यक्षता पूनम झा अध्यक्ष, सौम्या महिला मण्डल बैकुंठपुर क्षेत्र ने की। बतौर विशिष्ट तिथि आर. पी. मिश्रा सहक्षेत्र प्रबंधक पाण्डवपारा, सोमवती मिश्रा अध्यक्ष तेजस्विनी महिला मण्डल उपस्थित थे।



कार्यक्रम के प्रथम चरण में खेल मैदान के मुख्य द्वार पर वैदिक ऋचाओं के अनुगूंज के साथ तिलक लगाकर आचार्य मुकेश चन्द्र शास्त्री ने मंत्रोच्चार किया। प्राचार्य रवि भास्करन की अगुवाई में सभी अतिथि मंचासीन हुए। प्राचार्य रवि भास्करन एवं शिक्षक डा मनोज कुमार सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ, टोपी एवं बैज लगाकर स्वागत किया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।स्वागत भाषण व दो दिनों के खेल की पूरी जानकारी प्राचार्य ने दी। स्वागत गीत, समूह नृत्य, योगासन एवं एरोबिक्स की मनमोहक प्रस्तुत्ति बच्चों ने दिये। मशाल लेकर अगुवाई नेशनल खिलाड़ी तौशौफ अंसारी ने किया। अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित कर खेल ध्वजारोहण एवं शांति के प्रतीक श्वेत कपोत उन्मुक्त आकाश में छोड़कर बीएन झा ने शुभारंभ किये। विद्यालय के चारों सदन अरावली,हिमालय, विध्याचल तथा सतपुडा के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किए। मुख्य अतिथि बी एन झा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। तनाव भरे जीवन और कैरियर की अंधी दौड़ में आनंदमय जीवन जीना एक चुनौती बन गई है। शिक्षक डाक्टर इंजीनियर के साथ सच्चे इंसान बनाने में अपना योगदान दें। मेडिकल आईआई टीम में चयनित विद्यालय के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिए तथा शिक्षकों, अभिभावको के मेहनत को सराहा। 100 मीटर सीनियर बालक के प्रतिभागियों को हरा ध्वज दिखाकर प्रतियोगिता का आगाज किया गया। इस प्रतियोगिता में विदयालय के एलकेजी से 12 वी तक लगभग 500 प्रतिभागी शामिल होकर अपना प्रदर्शन करेंगे। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद में प्रमुख आकर्षण एथलेटिक्स के अंतर्गत दौड, कूद, भालाफेंक सहित विविध विधा थे। यह बालक वर्ग बालिका वर्ग जूनियर सीनियर के दौड 100 मीटर 200 मीटर, 400मीटर,1500 मीटर रिलेरैस 400 मीटर, लम्बी कूद ऊंची कूद,तवा, गोला, भाला फेंक आदि इवेंट में शामिल हुए।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक द्वय संतोष कुमार कटकवार व स्नेहा मिश्रा ने किया। उद्घाटन अवसर पर बैकुंठपुर क्षेत्र से पधारे अतिथियों के साथ शिक्षकगण अभिभावक प्रबुद्ध नागरिक गण एवं छात्र छात्राएं सहभागी बने।

# 4 करोड़ 15 लाख रूपयों की लागत के निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**नगर पालिका शिवपुर चर्चा का होगा समुचित विकास**

**चरचा कालरी।** स्थानीय राजीव गांधी चौक में नगर पालिका शिवपुर चर्चा के 4 करोड़ 15 लॉख रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा के द्वारा किया गया इस अवसर पर वशिष्ठ कुमार ओझा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर चर्चा ,आलोक चक्रधारी उप अभियंता शिवपुर चर्चा ,पार्षद श्रीमती रामकली पाल, श्रीमती संतोषी ,धर्मपाल ,संजय देवांगन ,कुंडल साय ,अभिमन्यु मुदली , पूर्व मंडल अध्यक्ष, दीपा विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा, उर्मिला सिंह अध्यक्ष महिला मोर्चा शिवपुर चर्चा, प्रियंका सिंह महामंत्री महिला मोर्चा ,साक्षी सिंह, डिकी देवांगन, श्याम नारायण यादव, धर्मेंद्र सिंह ,महमूद हसन ,विजयनाथ सिंह ,अशोक निर्मलकर, सचिन मलिक, भानु सिंह , सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित है भूमि पूजन निर्माण कार्य के दौरान अरुण जायसवाल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा में कहां की हमारी सोच चर्चा के समुचित विकास की है मात्र ढाई महीने के कार्यकाल में आज हम 4 करोड़ 15 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर रहे हैं, विकास ऐसे होता है।

इसके अतिरिक्त 6 करोड़ 24 लाख रुपए के काम स्वीकृत हो चुके हैं उनका भी जल्द भूमि पूजन होगा



मेरे ढाई महीने के कार्यकाल में लोकप्रिय विधायक माननीय भैया लाल राजवाड़े जी के अथक प्रयास से लगभग 12 करोड रुपए के कार्य आपके सामने नजर आएंगे विधायक जी की सोच चर्चा के समुचित विकास की है ,इस बात का मैं साक्षी हूं ,विधायक जी के साथ में स्वयं माननीय मुख्यमंत्री जी के पास गया तो वहां विधायक जी मुख्यमंत्री जी के सामने बैठ गए और बोले कि जब तक स्वीकृत नहीं मिलेगी , तब तक नहीं जाऊंगा और माननीय मुख्यमंत्री जी ने तत्काल स्वीकृति दे दी हम लोग किसी के साथ भेदभाव नहीं करते ,जबकि पहले के कार्यकाल में पानी बिजली सफाई हर चीज में भेदभाव होता था हम लोगों ने निष्पक्ष भाव से प्रत्येक वार्ड के पार्षदों से उनकी सहमति से उनकी जरूरत के अनुसार काम की स्वीकृति दिलाई आगे भी प्रत्येक वार्ड में 20-20 लाख रुपए के और भी काम स्वीकृत हो रहे हैं जल्दी ही पालिका के इंजीनियर साहब वार्डों में जाकर वहां की जरूरत के हिसाब से एस्टीमेट बनाएंगे ,यह है भाजपा के विकास की सोच उद्बोधन के क्रम में पालिका क्षेत्र के लोकप्रिय उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि मैं परम सम्माननीय विधायक जी को हृदय से धन्यवाद देता हूं जिन्होंने सदैव चर्चा की उन्नति और विकास की सोच रखी है नगर पालिका शिवपुर चर्चा में भाजपा की सरकार आते ही विकास की गंगा बहने लगी जिसका प्रमाण आज का यह भूमि पूजन कार्यक्रम है ,पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों के तहत 100 लाख रुपए की लागत के सी.सी .रोड निर्माण 73 लाख रुपए की लागत का बीटी रोड निर्माण 71 लाख रुपए की लागत का आरसीसी नाली निर्माण 74 लाख रुपएकी लागत से शिवपुर चर्चा में विद्युत लाइट पॉल विस्तार ,13 लाख 21 हजार रुपए की लागत से पाइपलाइन विस्तार, 19 लाख 48000 की लागत का रिटर्निंग वॉल निर्माण , 12 लाख रुपए की लागत का सेट निर्माण कार्य,5 लाख की लागत का सामुदायिक भवन निर्माण आदि है इसके अतिरिक्त पालिका क्षेत्र के सबसे बड़े वार्ड वार्ड क्रमांक एक में तीन करोड़ 56 लाख रुपए की लागत का एसटीपी प्लांट का निर्माण होगा ,इस वार्ड में पेयजल आपूर्ति हेतु एक करोड़ 96 लाख की लागत की पाइपलाइन विस्तार योजना है यह सभी काम जल्दी पूरे होंगे इस काम में इन सभी कामों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा जो भी ठेकेदार गलत काम करेगा तो उसे तत्काल ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा हमारे नगर पालिका के कर्मचारी पूरे समर्पण और निष्ठा भाव के साथ काम कर रहे हैं नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर दिन-रात पालिका क्षेत्र में घूम-घूम कर व्यवस्था बना रहे हैं निश्चित ही यह सभी बधाई के पात्र हैं वार्डों में चल रहे कामों के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है आप स्वयं निर्माण कार्य स्थल पर होकर गुणवत्ता की जांच करें।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**कोरबा।** गोढ़ी गांव में रहने वाले एक 27 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम रोशन खड़िया बताया गया है। , उसने किन कारणों से खुद को फांसी के फंदे से लटकाया, इस बात का पता नहीं चल सका है। शुक्रवार की सुबह सुबह गांव के बाहर उसका शव फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पुलिस ने लाश पीएम के लिए भेज दिया है। मर्ग जांच के बाद ही खुदकुशी के कारणों का पता चलने की बात कही गई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले को लेकर मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से सामान्य पूछताछ की गई है जिसमें उन्होंने कारणों को लेकर अनभिज्ञता जताई।

## गोढ़ी में रक्तदान शिविर 2 को

**कोरबा।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा कोरबा एवं छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के संयुक्त तत्वाधान में 2 फरवरी को शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय गोढ़ी में ऐच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जो प्रात: 11 बजे से शुरू होगा और दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए आयोजकों ने लोगों से रक्तदान कर मानवहित में कार्य करने की अपील की।

## अनिल बनाए गए जेसीसी सदस्य

**कोरबा।** एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने गेवरा एरिया के अध्यक्ष गोपाल यादव व डी.के.मिश्रा की सहमति से अनिल राठौर को गेवरा प्रोजेक्ट का जेसीसी सदस्य बनाया है। इसके पहले श्री राठौर सेफ्टी कमेटी के सदस्य से अनिल के जेसीसी बनने पर छंदराम राठौर, राहुल मिश्रा, सीताराम साहू, एम.पी.सिंह, मधुर सिंह, धरम सिंह कंवर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कोसाबाड़ी नगर मंडल में कार्यालय खुले

**कोरबा।** कोसाबाड़ी नगर मंडल अंतर्गत आने वाले 18 वार्डों में दो दिनों के भीतर चुनाव काार्यालयों का उद्घाटन किया गया है। नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर जोगेश लांबा व वरिष्ठ नेता विकास महतो ने इन चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस दौरान भााजपा के नगर मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, दिनेश वैष्णव, लक्ष्मण श्रीवास, मिलापराम कर्ष, सुभाष राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झुक रहे शेड के निर्माण कार्य पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना के दो नंबर प्लांट का शेड नीचे झुक रहा है। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए एचएमएस ने इस मामले को प्रबंधन के सामने रखा है। आईआर बैठक में उन्होंने कहा कि झुक रहे शेड का निर्माण कार्य कराया जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा लोडिंग प्वाइंट में बने शौचालय में पानी सहित अन्य सुविधाएं नहीं होने की बात कही गई है। छतराम मिरी, चंदराम, उत्तम खूंटे, अजय सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कालोनी में भी अनेकों समस्याएं हैं। आवासों की समस्याओं को दूर किया जाना काफी जरूरी है। कोयला कामगारों ने मरम्मत कार्य के लिए जो आवेदन जमा किये हैं।

## नाम वापसी आज

**कोरबा।** निकाय चुनाव में नामांकन भरने वाले अभ्यर्थी आज अंतिम रूप से अपने नाम वापस ले सकेंगे। शासन ने बताया कि नियत तिथि पर नाम वापस लेने के बाद सभी निकायों में प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

जय श्रीराम
प्लाट बेचना है
50 डिसमिल, 12 डिसमिल का प्लाट बेचना है। बुधवारी पेट्रोल पंप के पीछे।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

# उपलब्धियों के सहारे भाजपा तो कांग्रेस खोज रही नाकामियां

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर यही हैं खास मुद्दे



**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव निर्धारित समय से कुछ विलंब से संपन्न हो रहे हैं। इसके लिए कार्यकर्ताओं के साथ-साथ दावेदारों को काफी इंतजार करना पड़ा। हालांकि निर्वाचन की तैयारियां कुछ समय से चल रही थी पर घोषणा देर से हुई। आनन-फानन में घोषित कार्यक्रम से प्रत्याशियों के साथ कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में कूदने के लिए कम समय मिला। छत्तीसगढ़ में सत्तासीन भाजपा एक वर्ष की उपलब्धियों के सहारे लोगों के पास पहुंच रही है तो सरकार के कार्यों में कमियां निकालने का काम कांग्रेस कर रही है।

कोरबा जिले में एक नगर नगर पालिक निगम, तीन नगर पालिका और दो नगर पंचायत संस्थाएं कार्यरत हैं जिनमें एकमात्र चरण में 11 फरवरी को महापौर से लेकर अध्यक्ष व पार्षदों का निर्वाचन होगा। जिले के शहरी मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनने का अवसर निर्वाचन आयोग की ओर से दिया जा रहा है। पिछले चुनाव के लिहाज से इस बार प्रमुख पदों के लिए लोग वोट करेंगे और इससे तय होगा कि उनके लिए खास चेहरा कौन रहा। आम चुनाव की तरह स्थानीय चुनाव में भी मुद्दे काफी कारगर होते हैं और जनता इसके जरिए अपना मूड बनाती है कि निर्णय किस तरह से लेना है।

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव के नेतृत्व वाली सरकार को एक वर्ष का समय पूरा हो चुका है। उसने इस दौरान राज्य के विकास को लेकर काम किया है। अधोसंरचना के साथ-साथ सड़क संपर्क, लोक स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, कृषि विकास और कौशल विकास समेत जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों को बढ़ावा देने के काम इसमें शामिल हैं। हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से भी लोगों को अपने पक्ष में करने का काम जारी है। निकाय चुनाव में मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के काम को आधार बनाकर सभी निकायों के प्रत्याशी लोगों के पास पहुंच रहे हैं। हालांकि उन्होंने स्थानीय स्तर पर मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने और पिछली सरकार में लंबित कार्यों को आगे बढ़ाने का मुद्दा भी बढ़ाया है। इसके उल्टे कांग्रेस विपक्ष में है इसलिए वह आलोचनात्मक तरीके से अपनी उपस्थिति लोगों के बीच दर्ज कराने की कोशिश में है। प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को वह लगातार नाकाम कहती रही है। इसके अलावा अब चुनाव के दौर में सरकार के कार्यों की कमियां निकालने के अतिरिक्त पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा पांच वर्ष में छत्तीसगढ़ के लिए किये गए कार्यों का बखान करना जरूरी हो गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि स्थानीय चुनाव में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों की भूमिका नगण्य होती है इसलिए उन्होंने सिर्फ अपने आसपास की समस्याओं और जरूरतों पर फोकर किया है।

# निर्दलीय के कारण दीपका में भाजपा और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी




**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपिका के लिए हो रहे चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए हैं जो जांच पड़ताल में सही पाए गए । नाम वापसी का आज अंतिम दिवस है। इस बीच स्वतंत्र उम्मीदवारों को मैदान से हटाने के लिए दबाव तेज हो गया है। जानकारों का कहना है कि अगर तस्वीर नहीं बदलता है तो भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्ष पद उम्मीदवारों के लिए मुश्किल खड़ी होना स्वाभाविक है।

दिलीप और गांधी ने स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने के साथ शुरुआती स्तर पर प्रमुख प्रत्याशियों का टेंशन बढ़ा दिया है। नगर पालिका परिषद दीपिका से भाजपा ने राजेंद्र राजपूत और कांग्रेस ने विशाल शुक्ला को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के लिए अब तक का पहला अध्यक्ष पद का चुनाव है। इन प्रत्याशियों के साथ-साथ संगठन को नगर पालिका परिषद दीपिका के इस चुनाव से काफी उम्मीद है। राजनीतिक महत्वाकांक्षा के अलावा दीपिका के विस्तार और भविष्य की संभावनाओं को लेकर चुनाव को काफी अहमियत दी जा रही है। और शायद यही कारण है कि अध्यक्ष पद का प्रत्याशी चुने जाने को लेकर दोनों पार्टियों ने जमकर मशक्कत की और बड़े स्तर पर लाबिंग करने के बाद नाम को अंतिम रूप दिया गया। प्रमुख दल इस बात को लेकर एश्योर थे कि मुकाबला आमने-सामने का होगा और स्थानी पकड़ के आधार पर वे अपनी स्थिति को मजबूत कर पाने में सफल होंगे लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।

कहा जा रहा है कि तीसरे मोर्चे की उपस्थिति और पिछले कुछ समय से उसकी सक्रियता ने स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य को बदलने का काम किया है। लोगों की सोच में भी अंतर साफ नजर आ रहा है। इसके अलावा और भी ऐसे कारण है जो लोगों को नए तरीके से सोचने के लिए मजबूर करते हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों का मैदान में उतरना इसी का एक इशारा है। इसलिए प्रमुख दलों और उनके प्रत्याशियों के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का विषय बन गया है लेकिन मौजूदा स्थिति में उनका टेंशन बढ़ा हुआ है। चुनाव प्रचार के लिए भले ही व्यय सीमा निर्धारित की गई है लेकिन जिस तरीके से तिकड़म जुटाए जा रही है उससे लगता है कि सभी प्रकार के विश्लेषण हाशिये पर चले जा रहे हैं।

## रोटरी क्लब की पहल से मोतियाबिंद पीड़ितों को मिली रोशनी



**कोरबा,।** रोटरी क्लब की एक सराहनीय पहल के तहत, कई मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया है। यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ है और मरीजों को आज कोरबा में वापस लाया गया है।

मरीजों के परिजनों ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना की है और कहा है कि यह उनके लिए एक वरदान है। मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए हैं और रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया है। इस पहल के तहत, और भी मरीजों को आज एम जी एम अस्पताल रायपुर में ऑपरेशन के लिए ले जाया गया है। रोटरी क्लब ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए रोटरी क्लब से संपर्क करें और निशुल्क ऑपरेशन का लाभ उठाएं। मीडिया प्रभारी पारस जैन ने बताया कि रोटरी क्लब की यह पहल न केवल मरीजों के लिए एक वरदान है, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन भी लाने में मदद कर रही है।

# वनमंडल कोरबा में सक्रिय हैं 50 हाथी, खतरा कायम



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा एवं करतला वन परिक्षेत्र में 50 की संख्या में इन दिनों हाथी सक्रिय हैं। हाथियों का यह दल कुदमुरा, चचिया एवं चिकनीपाली के जंगल में विचरण कर रहा है जो दिन में जंगल में विश्राम करने के बाद शाम होते ही सक्रिय होता है और अलग-अलग बंटकर जंगल में घूमते रहता है। बड़ी संख्या में क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को लगातार खतरा बना हुआ है। हालांकि हाथियों ने अब तक यहां कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी हाथियों के उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो ड्रोन कैमरे के अलावा मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में लगातार जुटे हुए हैं। उनकी यह कोशिश रहती है कि हाथी जंगल ही जंगल विचरण करता रहे तथा आबादी वाले क्षेत्रों में न पहुंचने पाए। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक कुदमुरा परिसर में मौजूद हाथियों के दल में एक उत्पाती दंतैल भी शामिल है जो दल से अलग होकर प्रतिदिन आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच जा रहा है। यह हाथ अक्सर कुदमुरा स्थित धान मंडी के पास रात में मंडराते रहता है। क्षेत्र में हाथियों के रहने से मंडी में धान की सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है इससे कर्मचारी व अधिकारी काफी चिंतित हैं। वही धान का उठाव भी तेजी से नहीं हो पा रहा है। जिससे उनकी चिंता और भी बढ़ रही है। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज अंतर्गत मड़ई सर्किल में 46 तथा दो हाथी केंदई के लालपुर जंगल में घूम रहे हैं। हाथियों के इस दल ने भी बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक हाथी जंगल ही जंगल विचरण कर रहे हैं। जंगल में पानी और चारा पर्याप्त मात्रा में मिलने की वजह से वे बाहर नहीं आ रहे हैं और जंगल में ही डेरा जमाए हुए हैं।

## निगम कर्मियों का हुआ हेल्थ चेकअप, एनीमिया जांच जल्द

**कोरबा।** नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों सहित वाहन चालक और बिजली कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए पहली बार शिविर आयोजित किया गया। शिविर को लेकर कर्मचारियों में काफी उत्साह देखने को मिला। आगामी दिनों में कर्मचारी को दूसरे सेंटर में रेफर करने की व्यवस्था भी की जाएगी।

नगर पालिका निगम कोरबा के द्वारा पहली बार अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर ध्यान दिया गया। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक और कर्मचारी इस शिवर में शामिल हुए जिन्होंने अपनी सेवाएं दी और निगम कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। तीन दिन तक आयोजित शिविर का गुरुवार को अंतिम दिन था। निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने बताया कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए इस प्रकार की कोशिश हमारी ओर से की गई। 1000 से अधिक कर्मचारी इस शिविर में लाभान्वित हुए हैं।

आशुतोष पांडे ने बताया कि आगामी दिनों में कर्मचारियों के मामले में एनीमिया और फुल बॉडी चैकअप जैसे हेल्थ कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। कुछ मामलों में मरीजों को अन्य हायर सेंटर रेफर करने की व्यवस्था भी की जाएगी।

आम लोगों को चिकित्सा सुविधा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से आयुष्मान जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। लगातार इनके क्राइटेरिया को संशोधित किया जा रहा है। दूसरी ओर नगरी निकाय के स्तर पर अपने कर्मचारियों को सुविधा देने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं उनसे कुल मिलाकर राहत मिल रही है।

## तीन संगठनों में चेहरे बदले जाने से सदस्यता अभियान पर पड़ेगा असर

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में श्रमिक संगठनों का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। यहां पर तीन संगठनों ने नए चेहरे लाए हैं, इसका असर निश्चित रूप से सदस्यता अभियान पर पड़ेगा।

एसकेएमएस में बी.एल.पनिका आए हैं। उनके आने से एसकेएमएस की निश्चित रूप से सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। उनके साथ अजीत सिंह भी सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं। एचएमएस में अशोक साहू व सुरजीत सिंह को जेसीसी सदस्य बनाया गया है। अब यह दोनों नेता सभी बैठकों में शामिल हो रहे हैं। चूंकि अभी भी कमान अरूण झा व मिलन पांडे के हाथों में है लेकिन जेसीसी में फेरबदल होने से इसका सदस्यता अभियान पर असर पड़ेगा। एसईकेएमसी में भी राजू सोनी व नवल किशोर सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। यह दोनों नेता पद में आने के बाद लगातार बैठक ले रहे हैं और अपने सदस्यों को एकजुट करने में सफल रहे हैं। देखा गया है कि आने वाले समय में संगठन को कितना आगे बढ़ा पाते हैं। केएसएस के सॉजी जॉन व समार सिंह के द्वारा घरों में जाकर सदस्य बनाए जा रहे हैं। वे अपने काम के दम पर कामगारों से मुलाकात कर रहे हैं। सबसे अधिक आंदोलन केएसएस के द्वारा किए गए हैं जिसका असर कुसमुंडा में साफ दिखाई देता है।

# राष्ट्रीय राजधानी में दमखम दिखाने का मौका मिला जिले के किक बाक्सर्स को

**कोरबा।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में नई दिल्ली में के डी जाधव इनडोर स्टेडियम में 1 से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में देश विदेश से लगभग 600 से अधिक खिलाड़ी एवं ऑफिसियल हिस्सा लेंगे।

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के खिलाड़ियों का चयन पूर्व में आयोजित किकबाक्सिंग प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इन्होंने बताया कि में उक्त अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के 14 महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गों में भाग लेंगे। इन्होंने बताया कि राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, बलौदा बाजार, धमतरी, रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों से अमन सोनी, संदीप यादव, सागर तुर्कर, सागर सोनवानी, ममता सिंह ठाकुर, दुर्गेश पटेल, मनोज दास कसेरा, सेहर्ष ध्रुव महासचिव आकाश गुरुदीवान के नेतृत्व में रेफरी मनीष बाग तथा कोच के रूप में जुनैद आलम के साथ हिस्सा ले रहे। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से पुरुष वर्ग में प्रभात साहू एवं महिला वर्ग में वरिष्ठ खिलाड़ी लोकिता चौहान, श्रेया शुक्ला, तबस्सुम सैयद एवं सिद्धि सोनवानी सहित कुल 5 किकबॉक्सर भाग ले रहे।

छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया है कि यह चैंपियनशिप पूरी तरह से डिजिटल है, यानी, सदस्य पंजीकरण, इवेंट भागीदारी, स्कोरिंग, परिणाम सभी ग्लोबल स्पोर्टडेटा इवेंट मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे। राज्य की टीम के सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, रामकृपाल साहू, क्रीड़ा अधिकारी के आर टण्डन, क्रीड़ा भारती कोरबा के अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, रघुआथ नायक, वेंकटेश दास मानिकपुरी, सरवर एक्का, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ,प्रतिभा राय,रेहाना फातिमा, अंतराष्ट्रीय रेफरी देवसागर साहू, शैलेश सिंह सोमवंशी, अंकित वर्मा, विकास नामदेव, रमेश साहू , हिमांशु यादव, तुषार सिंह, शुभम दास, सोमेश साहू, रमनदीप सिंह, आदित्या पाल अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

## 2 फरवरी को रद्द रहेगी मेमू

**कोरबा।** बैकुंठपुर सिलियारी सेक्शन में रिलिविंग गर्डर की डी लांचिंग के लिए ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक लिया जाएगा जिसके चलते 2 फरवरी को 68734 बिलासपुर गेवरारोड मेमू तथा 68733 गेवरारोड बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। जबकि 5 फरवरी को 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर को भी रद्द किया गया है।

# धान गायब, इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**कोरबा।** मंडी इंस्पेक्टर की शिकायत पर कोरबा जिले के हरदी बाजार थाना में कोरबी उपार्जन केंद्र के कर्मियों के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया है।। बताया गया कि पिछले दिनों कलेक्टर ने केंद्र का दौरा किया था, जहां पर भौतिक रूप से गड़बड़ियां पाई गई थी। इस स्थिति में अवैध रूप से रखी गई धान को यहां पर सुरक्षित करवाया गया था और आगे कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जानकारी मिली है कि कथित रूप से इस उपार्जन केंद्र से संबंधित धान की मात्रा को गायब कर दिया गया। इस घोर लापरवाही और कदाचार मानते हुए प्रशासन की ओर से मंडी इंस्पेक्टर को अगले कदम उठाने को कहा गया। हरदी बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि मंडी इंस्पेक्टर के द्वारा इस प्रकरण में शिकायत दर्ज कराई गई है जिस पर प्राथमिकी कायम कर ली गई। याद रहे पिछले दिनों कोरबा जिले के कुलहरिया और कोरबी क्षेत्र में कई प्रकार की गड़बड़ियां सामने आई थी और इस पर अगली कार्रवाई करते हुए कुछ कर्मियों को मौके से हटा दिया गया। इसके बावजूद मनमानी जारी रहा










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com